मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड़, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का
लोकप्रिय हिंदी दैनिक


# उल्हास विकास

वर्ष : 44 | अंक : 124 | शुक्रवार 24 जुलाई 2026 | 3 रुपए | पृष्ठ 4

संपादक - हीरो अशोक बोधा BMM, L.LB., M.A. | Mobile.:- 9822045566

@ulhasvikas ulhasvikas@gmail.com | FOLLOW US | Google Play | GET IT ON ULHAS VIKAS Google Play | Subscribe to our ULHAS VIKAS YouTube Channel | Subscribe

epaper.ulhasvikas.com



पृष्ठ.. 4 पर पढ़ें..

'किंग' का अमेरिका शूटिंग शेड्यूल अगस्त में

## मुख्य लेखा अधिकारी पद पर नितल लव्हाले की नियुक्ति

- क्या भ्रष्ट कारोबार पर लगेगा ब्रेक?

**उल्हासनगर।** उल्हासनगर मनपा की तिजोरी संभालने वाले मुख्य लेखा अधिकारी किरण भिलारे की तबादला काफी समय पूर्व हो चुका था लेकिन किसी अन्य अधिकारी की नियुक्ति न होने के कारण यह चार्ज भिलारे के पास ही था लेकिन आखिरकार शासन ने उपसंचालक के मदत व पुनर्वसन कक्ष, महसूल व वन विभाग मंत्रालय में कार्यरित श्रीमती नितल लव्हाले की नियुक्त उल्हासनगर मनपा के मुख्य लेखा अधिकारी के तौर पर कर ली है। अब ठेकेदारों के बिल जो बिना कार्य के पास हो रहे थे क्या उस पर ब्रेक लगेगा क्योंकि शहर विकास की रिजल्ट इन्हीं फर्जी बिलों पर निर्भर है। अगर मुख्य लेखा अधिकारी इनके बिलों को जांच कर पास ही नहीं करें तो शहर का भला जरूर होगा। अब देखना है नई अधिकारी शहर हित के लिए कार्य करती है या ठेकेदारों के हित का।

# शहर की सड़कें बनी जानलेवा

- बारिश में बन रही सड़क अगले दिन ही उखड़ रही
- भुयारी गटर के दौरान मरम्मत हुई सड़क फिर से उखड़ी
- ठेकेदार सड़क मरम्मत के बिल बनाने से पूर्व कराता है पास
- सत्ता पक्ष व प्रशासन तमाशबीन

करन बोधा



**उल्हासनगर.** उल्हासनगर शहर में पिछले कुछ दिनों की बारिश ने शहर की सभी सड़कें जानलेवा बनी हुई है। बारिश से पूर्व नहीं बनाए जाने के कारण और बारिश में इन सड़कों की मरम्मत होने से जनता का पैसा पूरी तरह पानी में बह रहा है। भुयारी गटर के कार्य के दौरान मरम्मत की गई सड़क फिरसे उखड़ गई है और पिछले कुछ दिनों से बारिश के दौरान ही सड़क की मरम्मत का डांबरीकरण किया जा रहा है जो अगले ही दिन उखड़ गई है। नाना नानी पार्क परिसर, सपना गार्डन परिसर में दो दिनों पूर्व किया गया डांबरीकरण पानी में बहता हुआ नजर आ रहा है। हर वर्ष एक ही ठेकेदार को ठेका देना और घटिया दर्जे का काम उसके द्वारा किए जाने से शहर की सड़कें जानलेवा बन गई है।

उल्हासनगर मनपा में नई सत्ता को आकर अब काफी समय हो चुका है लेकिन ऐसा कोई बड़ा बदलाव देखने को नहीं मिल रहा जिससे यह कहा जा सके कि सत्ता पक्ष सत्ता में बैठकर कुछ कार्य कर रहा है। सभी नेता व नगरसेवक इंस्टाग्राम रील बनाने में व्यस्त है। भाजपा व शिवसेना की आपसी टकराव खत्म नहीं हो रहे हैं। तो वहीं बड़े नेता साक्षात्कार देने में व्यस्त है। आम सभा में कई मुद्दे उठ रहे हैं लेकिन शहर में सड़क, पानी व सफाई का मुद्दा कोई नहीं उठा रहा और ना ही मनपा प्रशासन व नगरसेवक इस ओर गंभीरता पूर्वक ध्यान दे रहे हैं। आगामी माह में त्योहार का मौसम है और एक बार फिर शहर की जनता को गणेशोत्सव, चालिया साहेब, नवरात्र उत्सव आदि त्यौहार गड्ढे में मनाने को मजबूर किया जाएगा क्योंकि दिवाली से पूर्व इन गड्ढों को भरा नहीं जाएगा। जबकि गड्ढों को भरने का कार्य मई तक पूरा हो जाना चाहिए लेकिन ठेकेदार इंतजार करता है कि मानसून आ जाए तो मैं अपने फर्जी बिल पास करवाओ। जबकि सड़कों की मरम्मत हुई ही नहीं लेकिन बिल उससे पूर्व पास हो जाते हैं। इस भ्रष्ट कारोबार में सभी सहभागी तमाशबीन शहर की हालत पर हंसते हुए नजर आते हैं।

### सड़क मरम्मत में जुटे ट्रैफिक पुलिसकर्मी



- फॉलोवर लाइन चौक पर केबी रोड का कार्य अधूरा छोड़ जाने से वहां से गड्ढों का साम्राज्य है ऐसे में गुरुवार सुबह इस सड़क के मरम्मत का कार्य बारिश में चल रहा था।
- वाहन चालकों और राहगीरों को परेशानी न हो इसलिए ट्रैफिक पुलिसकर्मी ने भी फावरा हाथ में लेकर गड्ढों को भरना शुरू कर दिया क्योंकि खराब सड़कों से परेशानी वाहन चालकों के साथ-साथ ट्रैफिक पुलिस कर्मियों को भी होती है।
- शहर में बड़े बड़े गड्ढे हो गए हैं उनमें पानी भर जाने से वाहन चालकों को गड्ढों का अंदाजा नहीं हो पा रहा है जिससे वाहन चालक दुर्घटनाग्रस्त हो रहे हैं।

## अंबरनाथ में दो लोगों के साथ लाखों का फ्राड

- Apk फाइल भेजकर की ठगी
- गैस बिल व पेंशन के नाम पर 16 लाख ठगे

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ में 2 अज्ञात मोबाइल हैकर्स द्वारा शहर के दो लोगों को एपीके फाइल भेजकर उनके साथ लाखों रुपयों का आनलाइन फ्राड किया गया है. शहर पूर्व में गणेश अहिरे (42) को एमजीएल गैस कंपनी से बोल रहा हूं, बताकर गैस कंपनी का बिल अपडेट एपीके फाइल भेजकर उनके बैंक खाते से 11 लाख 14 हजार रुपए निकाल लिए. शिवाजी नगर पुलिस में अपराध दर्ज किया गया है.

दूसरी घटना में भी एपीके फाइल भेजकर एक रिटायर्ड व्यक्ति महमूद सय्यद जो कि महाराष्ट्र हाउसिंग बोर्ड कालोनी का निवासी है, उनके कैनरा बैंक खाते से 5 लाख 20 हजार रुपए निकाल लिए. उन्होंने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है कि किसी अज्ञात ने उनके मोबाइल पर बताया कि तम्हारा रिटायरमेंट का पैसा अभी देना बाकी है. वह पैसा तुमको मिलने वाला है. ऐसा लालच बताकर उनके व्हाट्सएप पर पेंशन का एपीके फाइल भेजकर वह इन्स्टाल करने के लिए कहा. जिसके बाद उनका मोबाइल हैक करके कैनरा बैंक के खाते से 5 लाख 20 हजार रुपए आनलाइन निकाल लिए गए. दोनों पुलिस स्टेशन में आरोपियों के खिलाफ आईटी अधिनियम 66 (ड) के अनुसार अपराध दर्ज किया गया है. ये घटना 8 जनवरी 2026 की है. मेहमूद ने दो दिनों पूर्व पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई है. ऐसा पुलिस ने बताया है. दो दिनों पूर्व अंबरनात मुस्लिम समाज के जमील शेख उर्फ फोंदू व शहर के अन्य कई लोगों के मोबाइल पर शादी कार्ड की एपीके फाइल भेजकर आनलाइन फ्राड की कोशिश की गई, लेकिन लोगों ने ये फाइल खोली नहीं. इस तरह वह आनलाइन फ्राड से बच गए. अंबरनाथ मायनारिटी ट्रस्ट ने लोगों से अपील की है कि वह किसी अज्ञात द्वारा भेजा गया apk फाइल को ना खोलें.

## कल्याण-अंबरनाथ रोड चौड़ीकरण से प्रभावित लोगों को मिलेगी पर्यायी जगह

- उल्हासनगर मनपा की महासभा में प्रस्ताव पास



**उल्हासनगर.** उल्हासनगर महानगर पालिका की सीमा से गुज़रने वाले कल्याण-अंबरनाथ रोड चौड़ीकरण से प्रभावित व्यापारियों को राहत मिली है। महासभा ने इस रोड चौड़ीकरण से पूरी तरह प्रभावित 166 दुकानों और पिछले 15 सालों से कोर्ट में पेंडिंग 16 दुकानों के प्रभावित लोगों को पर्यायी जगहें देने के प्रस्ताव को मंज़ूरी दे दी। उल्हासनगर कैंप नंबर 4 के संतोषनगर और महादेवनगर इलाकों में प्रभावित लोगों को बिना पहले से बताए नोटिस जारी किए जाने के बाद लोगों में डर का माहौल था। प्रशासन ने साफ़ किया कि इस प्रोजेक्ट से प्रभावित सभी लोगों को इस प्रोजेक्ट में घर दिए जाएंगे। शिंदे सेना के पार्षद अरुण आशान ने यह प्रस्ताव रखा था।

लोकशाहीर अन्ना भाऊ साठे दलित बस्ती सुधार योजना का इस्तेमाल सिर्फ कुछ खास इलाकों में न करके पूरे शहर में बराबर बांटा जाए, यह मांग वंचित बहुजन आघाड़ी के नगरसेवक विकास खरात ने की, जिसे महासभा में मान लिया गया. मनपा की तरफ से 10 लाख रुपये तक के काम लेबर कोऑपरेटिव और पढ़े-लिखे बेरोज़गार इंजीनियरों को बांटने की मंज़ूरी देने पर भी चर्चा हुई। इसके अलावा, शहर में अनऑथराइज्ड कंस्ट्रक्शन पर लगने वाले ट्रिपल पेनल्टी को खत्म करने के मुद्दे पर भी मीटिंग में चर्चा हुई।

### रेनवाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम अनिवार्य

शहर में सभी नई बिल्डिंग्स को कंस्ट्रक्शन की परमिशन देते समय अब रेनवाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाना ज़रूरी कर दिया गया है। साथ ही, शहर में बढ़ते ट्रैफिक जाम से निपटने के लिए मनपा ने गोल मैदान, नाना-नानी पार्क और शहर की दूसरी ज़रूरी जगहों पर पे एंड पार्क सिस्टम शुरू करने का फैसला किया।

## कॉन्ट्रैक्टर को ब्लैकलिस्टेड करने का प्रस्ताव महासभा में

**उल्हासनगर.** उल्हासनगर मनपा की कॉन्ट्रैक्टर झापी कंपनी आजकल विवादों में है। मनपा आयुक्त मनीषा आव्हाले ने इस कंपनी को ब्लैकलिस्ट करने का प्रस्ताव महासभा में पेश किया था। हालांकि, इस प्रस्ताव पर चर्चा नहीं हुई। महापौर अश्विनी कमलेश निकम ने कहा कि यह प्रस्ताव अब अगली महासभा में आएगा। हालांकि, कमिश्नर ने झापी कॉन्ट्रैक्टर को नोटिस जारी किया है। कमिश्नर ने चेतावनी दी है कि अगर काम में देरी हुई और खराब क्वालिटी का काम हुआ तो सीधे केस दर्ज किया जाएगा।

उल्हासनगर मनपा के पब्लिक वर्क्स डिपार्टमेंट में कई ज़रूरी काम झापी कंपनी के नाम पर दिए गए हैं। खासकर, VTC मैदान, कैंप नंबर चार में स्वर्गीय बालासाहेब ठाकरे स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स का कॉन्ट्रैक्ट झापी कंपनी को दिया गया है। कॉम्प्लेक्स के काम में देरी और खराब क्वालिटी के काम की बढ़ती शिकायतों के चलते मनपा कमिश्नर मनीषा अव्हाले ने पब्लिक वर्क्स डिपार्टमेंट को जांच के आदेश दिए। इससे साफ हो गया कि झापी कंपनी के काम अधूरे थे और कई सालों से रुके हुए थे। इसलिए कमिश्नर ने झापी कंपनी को ब्लैकलिस्ट करने का प्रस्ताव जनरल असेंबली में पेश किया।

## अंबरनाथ में 22 बिजली ग्राहक स्मार्ट मीटर के लिए राज़ी

- महावितरण के जनजागृति शिविर को मिला प्रतिसाद
- 150 कंज्यूमर शिकायत निवारण कैंप में हुए शामिल

**कल्याण.** महावितरण के अंबरनाथ सबडिवीजन में लगाए गए शिकायत निवारण कैंप में स्मार्ट मीटर के बारे में डिटेल में जानकारी और डेमोंस्ट्रेशन दिए जाने के बाद, 22 बिजली उपभोक्ता अपने यहां स्मार्ट मीटर लगवाने के लिए राज़ी हो गए हैं. महावितरण ने कहा कि कंज्यूमर के मन में मौजूद शक दूर करने के लिए लगाए गए जनजागृति शिविर का अच्छा प्रतिसाद मिला है. अंबरनाथ सबडिवीजन में बिजली बिल से जुड़ी शिकायतों को दूर करने के लिए लगाए गए कैंप में करीब 150 उपभोक्ता शामिल हुए. इस मौके पर महावितरण के अधिकारियों ने स्मार्ट मीटर के काम करने के तरीके, इसके फायदे और डिजिटल बिजली मीटर के बीच के अंतर के बारे में जानकारी दी. साथ ही, स्मार्ट मीटर और डिजिटल मीटर का लाइव डेमोंस्ट्रेशन दिखाकर कंज्यूमर के शक दूर किए गए.

इस बातचीत के बाद, 22 कंज्यूमर ने अपनी मर्ज़ी से स्मार्ट मीटर लगवाने की मंज़ूरी दे दी. MSEDCL ने साफ किया कि स्मार्ट मीटर बिजली की खपत की सही मॉनिटरिंग, तुरंत जानकारी, ट्रांसपेरेंट बिलिंग और ज़्यादा असरदार बिजली मैनेजमेंट में मदद करेंगे. स्मार्ट मीटर प्रोजेक्ट को राज्य में अलग-अलग फेज़ में लागू किया जा रहा है और कस्टमर्स के बीच भरोसा बनाने के लिए, MSEDCL अलग-अलग जगहों पर अवेयरनेस कैंप लगा रही है।

## म्हारल, वरप एवं कांबा ग्रामीण क्षेत्र में एकीकृत घनकचरा प्रबंधन परियोजना होगी लागू



**उल्हासनगर.** उल्हासनगर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले म्हारळ, वरप एवं कांबा ग्रामीण क्षेत्रों में घनकचरा प्रबंधन की लंबे समय से चली आ रही समस्या के स्थायी समाधान हेतु विधायक कुमार आयलानी के सतत प्रयासों को बड़ी सफलता मिली है। दिनांक 17 जुलाई 2026 को ठाणे में सांसद डॉ. श्रीकांत शिंदे की अध्यक्षता में आयोजित जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक में कल्याण ग्रामीण क्षेत्र के लिए एकीकृत सतत ठोस अपशिष्ट (घनकचरा) प्रबंधन परियोजना लागू करने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया।

इस परियोजना के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में कचरे का वैज्ञानिक तरीके से निपटान, स्वच्छता को बढ़ावा, पर्यावरण संरक्षण तथा नागरिकों को स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण सहायता मिलेगी। म्हारळ, वरप एवं कांबा क्षेत्र के नागरिकों को कई वर्षों से घनकचरा प्रबंधन की समस्या का सामना करना पड़ रहा था। इस समस्या के स्थायी समाधान के लिए विधायक कुमार आयलानी ने विभिन्न स्तरों पर लगातार प्रयास और प्रभावी पैरवी की थी। उनके इन प्रयासों के परिणामस्वरूप यह महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है, जिससे स्थानीय नागरिकों में खुशी और संतोष का वातावरण है। इस अवसर पर विधायक कुमार आयलानी ने कहा कि वे भविष्य में भी अपने विधानसभा क्षेत्र में मूलभूत सुविधाओं, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण तथा ग्रामीण विकास से जुड़े सभी महत्वपूर्ण मुद्दों के समाधान के लिए निरंतर प्रयासरत रहेंगे।

## उल्हासनगर में राकांपा द्वारा रक्तदान शिविर संपन्न




**उल्हासनगर।** उल्हासनगर राकांपा जिला द्वारा पूर्व उपमुख्यमंत्री अजितदादा पवार की जयंती पर रक्तदान शिविर का आयोजन उल्हासनगर-5 स्थित राकांपा मुख्यालय में किया गया जहां पर शिविर में कुल 106 युनिट रक्त उत्साहपूर्वक रक्तदान कर रक्तदाताओं ने अपना कर्तव्य निभाया। जिलाध्यक्ष भारत गंगोत्री द्वारा आयोजित इस शिविर में महापौर अश्विनी कमलेश निकम ने रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र दिए। राकांपा प्रदेश सरचिटणीस सोनिया धामी, नगरसेवक दुर्गा प्रसाद सहित शहर के गणमान्य नेता, नगरसेवक, राकांपा पदाधिकारी व पत्र उपस्थित थे।

## रिटायर्ड पुलिस ऑफिसर की पिटाई

**उल्हासनगर.** बदलापुर में रहने वाले 62 साल के रिटायर्ड पुलिस ऑफिसर की उल्हासनगर स्टेशन पर एक युवक ने लोकल ट्रेन में चढ़ने को लेकर हुई बहस के बाद लकड़ी के डंडे से पिटाई कर दी। रिटायर्ड पुलिस ऑफिसर ने इस बारे में कल्याण लोहमार्ग पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई है।

रिटायर्ड पुलिस ऑफिसर उमाजी ईश्वर काले (62) का बदलापुर के एक हॉस्पिटल में इलाज चल रहा है। काले अपने परिवार के साथ बदलापुर वेस्ट के रमेशवाड़ी इलाके में रहते हैं। काले ने पुलिस स्टेशन में दी गई अपनी शिकायत में कहा है कि उल्हासनगर स्टेशन पर ट्रेन में चढ़ते समय एक 25 साल के लड़के ने मुझे धक्का दिया और खुद कोच में चढ़ गया। भीड़ के कारण मैं कोच में नहीं चढ़ा। मैं फर्स्ट क्लास कोच की तरफ जा रहा था। उसी समय, वह मेरे पीछे से हाथ में लकड़ी का डंडा लेकर आया। उसने मेरे सिर और शरीर पर मारा, जिससे खून बहने लगा। मुझे मारते समय उसके हाथ की छड़ी टूट गई। फिर उसने मेरे पास पड़ा एक पत्थर उठाया और मुझे मारने की कोशिश की। इस घटना के बाद वह लड़का वहां से भाग गया। तभी रेलवे पुलिस मेरे पास आई। मैं बदलापुर लोकल पकड़कर बदलापुर आ गया। मैंने बेटे को घटना के बारे में बताया। उसने मुझे इलाज के लिए एक प्राइवेट हॉस्पिटल में भर्ती कराया।




# भारी बारिश से पानी में डूबे पुल, ट्रैफिक बंद

- 10 से अधिक गांवों का संपर्क टूटा



**कल्याण.** बुधवार से हो रही भारी बारिश की वजह से कल्याण तालुका के ग्रामीण इलाके में टिटवाला-फलेगांव रोड पर कालू नदी पर बना रुंदे पुल और वालकस वेहले पुल गुरुवार सुबह से पानी में डूबे हुए हैं। इस वजह से इन पुलों पर ट्रैफिक पूरी तरह से रोक दिया गया है। नदी के तल से आठ से दस फीट ऊंचे ये पुल बाढ़ के हालात बनने पर कुछ ही घंटों में पानी में डूब जाते हैं। इस वजह से इलाके के 10 से ज़्यादा गांवों का संपर्क टूट गया है।

भारी बारिश की वजह से कालू नदी में बाढ़ आ गई है। नदी दो दिशाओं में बह रही है। बाढ़ की इस स्थिति की वजह से रुंडे गांव इलाके में टिटवाला से फालेगांव रोड पर कालू नदी पर बना पुल गुरुवार सुबह 8 बजे से पानी में डूबा हुआ था. इन सड़कों पर ट्रैफिक पूरी तरह से बंद कर दिया गया।

इस पुल का रास्ता ट्रैफिक के लिए बंद होने से फलेगांव इलाके के 10 से ज़्यादा गांवों का टिटवाला और मुरबाद इलाकों से संपर्क टूट गया है। फोलागांव इलाके के ज़्यादातर मज़दूर और गांव वाले काम के लिए रुंडे ब्रिज के रास्ते टिटवाला आते-जाते हैं। इस इलाके के स्कूली बच्चे पढ़ाई के लिए टिटवाला इलाके के स्कूलों में आते हैं। रुंडे ब्रिज ट्रैफिक के लिए बंद होने की वजह से, एडमिनिस्ट्रेशन ने रुंडे और फोलागांव इलाके के गांवों के लोगों से अपील की है कि वे दानबाव होते हुए खडावली रोड का इस्तेमाल करें। रुंडे ब्रिज के दोनों तरफ पुलिस की पेट्रोलिंग की गई है। कुछ टू-व्हीलर, टेंपो और मोटरसाइकिल वाले अपनी जान जोखिम में डालकर अपनी गाड़ियां ब्रिज पर पानी में घुसा देते हैं। उन्हें रोकने के लिए यहां पुलिस तैनात की गई है।

इसी तरह, वालकस को वेहले गांव की सीमा से जोड़ने वाला पुल भी पानी में डूब गया है। सुबह करीब 6 बजे वेहले पुल के ऊपर से पानी बहने लगा। इस वजह से, पुल के दोनों तरफ चल रही गाड़ियां फंस गईं। चूंकि पुल से पानी जल्दी कम होने की कोई उम्मीद नहीं थी, इसलिए कई ड्राइवरों ने पीछे हटकर अपनी मंज़िल तक जाने के लिए दूसरा रास्ता अपनाना बेहतर समझा।

### रायता में नया पुल बनने से परेशानी हुई खत्म

रायता में उल्हास नदी पर नेशनल हाईवे अथॉरिटी द्वारा 100 फुट ऊंचा नया पुल बनने से, कल्याण-मुरबाद, अहिल्यानगर हाईवे पर यात्रियों को उल्हास नदी में कितनी भी बाढ़ आए, रायता इलाके में नहीं फंसना पड़ेगा। चूंकि पिछला पुराना पुल भारी बारिश में यह हमेशा पानी में डूब जाता था, जिससे कल्याण-अहिल्यानगर ट्रैफिक रुक जाता था। पब्लिक वर्क्स डिपार्टमेंट टिटवाला-फालेगांव रोड पर एक नया ऊंचा पुल बनाने का काम कर रहा है। इसलिए, आने वाले साल में बड़ी बाढ़ के कारण रुंडे इलाके में यात्रियों के फंसने की परेशानी खत्म हो एगी।

**जैसे पके हुए फलों को गिरने के सिवा कोई भय नहीं वैसे ही पैदा हुए मनुष्य को मृत्यु के सिवा कोई भय नहीं. – वाल्मीकि**

उल्हास विकास
मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का लोकप्रिय हिंदी दैनिक

## संपादकीय

### नामची सुरंग हादसा

सिक्किम के नामची जिले में बीते सोमवार को भूस्खलन के कारण एक सुरंग के ढह जाने से कई लोगों की मौत हो जाने की घटना ने पर्यावरण संरक्षण और सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। पहाड़ों की पारिस्थितिकी की अनदेखी कर विकास कितना नुकसानदेह हो सकता है, यह अब कोई छिपी बात नहीं है।

उत्तराखंड और तेलंगाना में भी ऐसे हादसे हो चुके हैं, लेकिन ऐसा लगता है कि उनसे कोई सबक नहीं लिया गया। यह जानते हुए कि हिमालय क्षेत्र में भूस्खलन एक बड़ी चुनौती है, इसके बावजूद अगर सुरक्षा मानकों का पूरी तरह पालन न किया जाए, तो इसे लापरवाही नहीं तो और क्या कहा जाएगा। सवाल है कि जब बरसात के मौसम में सुरंग का निर्माण कार्य किया जा रहा था, तो वहां आपात स्थिति के लिए पहले से सुरक्षा उपाय करने पर ध्यान क्यों नहीं दिया गया? इस हादसे में जिन श्रमिकों की जान चली गई, उसके लिए जिम्मेदार कौन है? क्या इसके लिए परियोजना का काम संभाले संबंधित उच्चाधिकारियों की जवाबदेही तय की जाएगी?

गौरतलब है कि नामची जिले में नेशनल हाइड्रोइलेक्ट्रिक पावर कारपोरेशन की तीस्ता-छह जल विद्युत परियोजना के लिए सुरंग बनाई जा रही है, जो भूस्खलन के कारण अचानक ढह गई। हादसे के वक्त वहां परियोजना अधिकारी सहित पच्चीस श्रमिक मौजूद थे, जिनमें से बीस की मौत हो जाने की पुष्टि की गई है।

भू-वैज्ञानिकों के मुताबिक, पहाड़ी क्षेत्रों में लगातार निर्माण कार्यों और पेड़ों की अंधाधुंध कटाई के कारण मिट्टी एवं चट्टानों की पकड़ ढीली पड़ रही है। ऐसे में बारिश के दिनों में हर समय भूस्खलन का जोखिम बना रहता है। पिछले कई वर्षों से उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर और सिक्किम में कई सुरंगों का निर्माण किया गया है और कुछ का कार्य प्रगति पर है।

सवाल है कि सुरंग बनाने से पहले पर्यावरण से जुड़े खतरों का पूर्व में स्टीक आकलन क्यों नहीं किया जाता? अगर सुरक्षा मानकों का सख्ती से पालन किया जाए, तो बड़ी दुर्घटनाएं टाली जा सकती हैं। समय आ गया है कि पर्यावरण के साथ संतुलन बना कर विकास कार्यों की योजनाएं बनाई जाएं, ताकि पहाड़ों के पारिस्थितिकी तंत्र और मनुष्य दोनों की रक्षा की जा सके।

## विमर्श

# जनमानस को समझने में विफल विपक्ष

पिछले एक महीने में राष्ट्रीय राजनीति तथा संसद का समीकरण जिस तरह से बदला है उसकी कल्पना किसी को नहीं थी। क्या भाजपा या राजग विरोधी दलों, नेताओं में से किसी ने सोचा था कि बंगाल का चुनाव परिणाम आते ही ममता बनर्जी की तृणमूल कांग्रेस टूट जाएगी और उसके 28 में से 20 लोकसभा सदस्य अलग समूह बनाकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सरकार के समर्थन की घोषणा करेंगे?

इस सिलसिले की शुरुआत आम आदमी पार्टी के सात राज्यसभा सदस्यों के भाजपा में शामिल होने से हुई। टीएमसी के राज्यसभा सदस्यों के भी इस्तीफे हो रहे हैं। एक तरह से ममता बनर्जी का खुद की तृणमूल पर कोई अधिकार नहीं रह गया है। उद्धव ठाकरे की बची-खुची शिवसेना भी उनके हाथ से फिसलती जा रही है।

बीते दिनों उनके छह सांसद राजग के साथ चले गए। पहले भी कुछ सांसद एवं विधायक एक दल छोड़कर दूसरी ओर गए हैं, लेकिन इस तरह की घटना राष्ट्रीय राजनीति में पहले कभी नहीं हुई। माहौल ऐसा बन गया है कि अनेक पार्टियों के शीर्ष नेता दिन-रात इस भय में हैं कि पता नहीं उनके कितने सांसद या विधायक अचानक साथ छोड़कर दूसरी ओर जाने की घोषणा कर दें।

पहली दृष्टि में ऐसा लगता है कि भाजपा अंदर ही अंदर नेताओं को दल-बदल के लिए तैयार करा रही है, पर क्या यही सच है?

कांग्रेस या अन्य पार्टियां भाजपा पर भले आरोप लगाएं, किंतु इस प्रक्रिया से उन सबको भयभीत होना चाहिए, जो बदलते हुए सामूहिक राष्ट्रीय मानस और धारा के विपरीत काम कर रहे हैं।



विपक्ष के इस आरोप को स्वीकार नहीं किया जा सकता कि भाजपा ने ईडी, सीबीआइ, इनकम टैक्स और अन्य दबावों से यह स्थिति पैदा की है। इतनी बड़ी संख्या में सांसद और विधायक वर्षों का साथ छोड़कर सीधे भाजपा नेतृत्व वाले गठबंधन के साथ जा रहे हैं तो यह परिघटना सामान्य नहीं मानी जाएगी। इनमें से कितने सांसद, विधायक होंगे जिनके विरुद्ध भ्रष्टाचार के मामले हैं?

सारे सांसदों, विधायकों में से बहुत कम पर भ्रष्टाचार या अपराध के संगीन मामले हैं। बदलते घटनाक्रम में शरद पवार और सुप्रिया सुले के कदमों ने जता दिया है कि इन सबमें बुद्धिमान वही निकले। अगर शरद पवार ने राजग के साथ जाने का संकेत नहीं दिया होता तो उनके आठ में से छह सांसद और सभी दसों विधायक साथ छोड़कर चले जाते। हालांकि शरद पवार ने राष्ट्रीय स्तर पर बदलती राजनीति, जनमानस और धारा को समझने में काफी देर की। अगर वह पहले समझ गए होते और महाविकास आघाड़ी या आइएनडीआइए के सपने में नहीं जीते तो उनकी पार्टी एक होती और शीर्ष नेता वही माने जाते। सांसदों-विधायकों के टूटने की घटना को गत 17 अप्रैल को 131वें संविधान संशोधन विधेयक के लोकसभा में गिर जाने से भी जोड़कर देखा जा रहा है। यानी विपक्षी दलों के सांसदों के अंदर भय पैदा हो गया है कि महिलाओं के 33 प्रतिशत आरक्षण का हमने समर्थन नहीं किया और विरोध में चले गए तो हम कभी जीत नहीं पाएंगे, किंतु इसी कारण केवल सांसद और विधायक भाजपा या राज्य की ओर आ रहे हों, यह मान लेना भी पूरी स्थिति का सामान्य विश्लेषण होगा।

बंगाल के बारे में कहा जा सकता है कि वहां सत्ता में आने वाली पार्टी लंबे समय रहती है और पूर्ववर्ती सत्तारूढ़ पार्टी लगभग समाप्त हो जाती है। इसलिए जिन सांसदों, विधायकों को लग रहा है कि अब तृणमूल कांग्रेस का समय गया तो वे उसका साथ छोड़ रहे हैं। हालांकि यह भी एक कारण हो सकता है, पर संपूर्ण नहीं।

अखिलेश यादव वहां के सांसद अवधेश प्रसाद को लोकसभा में आगे बिठाकर भाजपा को चिढ़ाते रहे। देश में इसकी प्रतिक्रिया हुई, जो बाद में महाराष्ट्र, हरियाणा से लेकर दिल्ली आदि के चुनाव परिणाम में स्पष्ट दिखी भी।

किसी सरकार से न हर कोई संतुष्ट होता है और न केवल उसके पास उपलब्धियां ही होती हैं, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी की नीतियों से सामाजिक न्याय का स्वरूप बदला है और आम लोगों तक उसके लाभ पहुंचे हैं, जिनमें महिलाएं आगे हैं। इसी तरह देश में आधारभूत संरचना के निर्माण के साथ विकास के काम भी लोग सामने देख रहे हैं।


संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

यदि हम नियमित रूप से ध्यानाभ्यास करते रहेंगे, तो हम अवश्य अधिक से अधिक आध्यात्मिक उन्नति करते चले जायेंगे।

- संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

स्थान - सावन कृपाल रुहानी मिशन, सावन आश्रम, परम संत कृपाल सिंह जी महाराज चौक, खेमानी रोड, उल्हासनगर-२

देखें सत्संग आस्था चैनल पर हर रोज़ सोम - शनि सुबह ८.२० से ८.४० तक

# सड़कों से संसद तक गूंजा स्टूडेंट्स का आक्रोश

प्रवेश परीक्षाओं की प्रणाली में सुधार और जवाबदेही तय करने का मुद्दा अब सड़क से लेकर संसद तक पहुंच गया है। दिल्ली के जंतर-मंतर पर युवाओं का विरोध प्रदर्शन जारी है और संसद के दोनों सदनों में विपक्ष इस मसले को जोर-शोर से उठा रहा है। संसद मार्च के दौरान प्रदर्शनकारियों पर बल प्रयोग को लेकर भी सवाल उठाए जा रहे हैं।

यह सच है कि देश का संविधान हर नागरिक को इजाजत देता है कि वह शासन-प्रशासन या किसी संस्था की नीतियों और निर्णयों को लेकर शांतिपूर्ण तरीके से अपना असंतोष और मांग जाहिर कर सकता है। ऐसे में क्या वजह रही कि प्रदर्शन कर रहे युवाओं से संवाद के बजाय उनके खिलाफ बल प्रयोग करने को ही अंतिम विकल्प मान लिया गया!

क्या यह सरकार की जिम्मेदारी नहीं है कि प्रदर्शनकारी युवाओं की मांग पर विचार किया जाए और समाधान का कोई रास्ता निकाला जाए? यही नहीं, संसद में इस मुद्दे पर बने गतिरोध से जो कीमती समय बर्बाद हो रहा है, उसके लिए कौन जिम्मेदार है? संसद का काम जनहित से जुड़े मसलों पर मंथन कर उन्हें निर्णायक रूप देने का होता है, मगर जब सदन में कोई कामकाज ही नहीं होगा, तो फिर उसके मूल उद्देश्य की पूर्ति कैसे हो पाएगी।



दरअसल, नीट में गड़बड़ियों को लेकर काकरोच जनता पार्टी (काजपा) की ओर से जंतर-मंतर पर पिछले कई दिनों से विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है। प्रदर्शनकारी केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे और प्रवेश परीक्षा प्रणाली में व्यापक सुधार की मांग कर रहे हैं।

इस मामले ने बीते शनिवार को तब तूल पकड़ा, जब बीस दिनों से अनशन पर बैठे जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक को पुलिस ने जबरन अस्पताल में भर्ती करा दिया। इसे युवाओं के आंदोलन की आवाज को दबाने के प्रयास के रूप में देखा गया। इसके बाद प्रदर्शनकारियों के संसद मार्च के दौरान सुरक्षा बलों के बल प्रयोग से स्थिति बिगड़ गई और कई जगह दोनों पक्षों के बीच हिंसक झड़पें हुईं। मगर अहम सवाल यह है कि यह नौबत आने ही क्यों दी गई? सरकार ने समय रहते प्रदर्शनकारी युवाओं से बातचीत कर उन्हें भरोसे में लेने की कोशिश क्यों नहीं की? जाहिर है, अगर सरकार की ओर से यह पहल की जाती, तो प्रदर्शनकारियों के संसद तक मार्च को टाला जा सकता था।

प्रदर्शनकारी युवा अब भी जंतर-मंतर पर डटे हुए हैं और वे अपनी मांगों पर अडिग हैं। वहां ज्यादा भीड़ जमा न हो, इसके लिए बुधवार को सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए दिल्ली मेट्रो रेल निगम ने सत्रह स्टेशनों को बंद कर दिया। मगर इसका खमियाजा उन सैकड़ों यात्रियों को भी भुगतना पड़ा, जो अपने रोजमर्रा के कार्यों के लिए मेट्रो से सफर करते हैं। कई लोगों को अपने गंतव्य से पहले ही मार्ग बदलना पड़ा या फिर कई किलोमीटर दूर से वापस सड़क मार्ग से गंतव्य स्थल तक पहुंचना पड़ा।

सवाल यह भी है कि क्या युवाओं को विभिन्न तरकीबों के जरिए प्रदर्शन से दूर रखने से उनकी समस्या का समाधान हो जाएगा? दूसरी ओर, विपक्षी दल भी प्रदर्शनकारी युवाओं की मांगों के समर्थन में खड़े हो गए हैं। विपक्ष की ओर से संसद में इस मुद्दे को उठाए जाने और हंगामे के कारण दोनों सदनों में कामकाज नहीं हो पा रहा है। ऐसे में विपक्ष और सत्तापक्ष की प्राथमिकता यही होनी चाहिए कि जंतर-मंतर पर डेरा डाले युवाओं की मांगों पर गंभीरता से विचार किया जाए और संवाद के जरिए समाधान का रास्ता निकाला जाए।

# चाकू से लोगों के बाल काटती है ये दादी

## जरा हट के

इन दिनों अरुणाचल प्रदेश का एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें एक बुजुर्ग महिला पारंपरिक दाओ की मदद से लोगों के बाल काटती हुई दिखाई दी. दाओ देखने में चाकू या छोटी माछेटी जैसा पारंपरिक औजार होता है, जिसका उपयोग पूर्वोत्तर भारत के कई समुदाय वर्षों से विभिन्न कार्यों में करते आ रहे हैं.

वीडियो में सबसे ज्यादा लोगों को जिस बात ने प्रभावित किया, वह है बुजुर्ग महिला के हाथों की सटीकता. बिना आधुनिक कैंची, ट्रिमर या किसी इलेक्ट्रिक मशीन के वह बेहद आत्मविश्वास और सफाई के साथ बाल काटती नजर आई.

वायरल वीडियो अरुणाचल प्रदेश के सियांग जिले का बताया जा रहा है. इसमें आदि जनजाति के सदस्य पारंपरिक तरीके से हेयरकट करते दिखाई दिए. क्लिप में एक बुजुर्ग महिला दाओ का इस्तेमाल कर बाल काटती नजर आई. उनके आसपास ना कोई आधुनिक सैलून है, ना महंगे हेयर स्टाइलिंग उपकरण और ना ही बिजली से चलने वाली मशीनें. इसके बावजूद उनका काम इतना सटीक दिखाई देता है कि सोशल मीडिया यूजर्स हैरान रह गए.



### क्या होता है दाओ?

दाओ पूर्वोत्तर भारत के कई राज्यों में इस्तेमाल होने वाला एक पारंपरिक औजार है. यह आकार में चाकू और छोटी माछेटी के बीच का होता है. आमतौर पर इसका उपयोग, लकड़ी काटने, खेती के काम, झाड़ियां साफ करने और घरेलू कार्यों के लिए किया जाता है. हालांकि, कुछ समुदायों में इसका उपयोग बाल काटने जैसी पारंपरिक गतिविधियों में भी किया जाता रहा है.

वीडियो में दिखाई देता है कि बुजुर्ग महिला बेहद सहजता से दाओ चलाती हैं. उनके हाथों में वर्षों का अनुभव साफ नजर आया. बाल काटते समय ना तो उनके हाथ कांपते हैं और ना ही किसी तरह की जल्दबाजी दिखाई देती है. यही कारण है कि लोग उनके कौशल की जमकर तारीफ कर रहे हैं. हालांकि, यह एक पारंपरिक तकनीक है और इसे प्रशिक्षित व्यक्ति ही सुरक्षित तरीके से कर सकता है.

## खाना-खजाना

# ब्रेड मलाई रोल

### सामग्री

- ब्रेड स्लाइसः 5 से 6
- फुल क्रीम दूधः 2 कप
- मिल्क पाउडरः आधा कप
- घर की ताजी मलाईः 2 से 3 चम्मच
- चीनीः 4 से 5 बड़े चम्मच
- इलायची पाउडरः आधा छोटा चम्मच
- कटे हुए मेवेः बादाम, पिस्ता और काजू
- केसर के धागेः चुटकी भर

### विधि

सबसे पहले एक भारी तले वाले पैन या कड़ाही में 2 कप दूध उबलने के लिए रख दें। जब दूध में उबाल आ जाए, तो गैस की आंच धीमी कर दें। इसमें 2 चम्मच चीनी, केसर और थोड़ा-सा इलायची पाउडर डाल दें। दूध को तब तक पकाएं जब तक वह गाढ़ा होकर आधा न रह जाए। आपकी स्वादिष्ट इंस्टेंट रबड़ी तैयार है। इसे ठंडा होने के लिए एक तरफ रख दें। एक कटोरी में मिल्क



पाउडर, ताजी मलाई, बची हुई चीनी, थोड़ा-सा इलायची पाउडर और बारीक कटे हुए मेवे अच्छी तरह मिला लें। अगर मिश्रण ज्यादा गाढ़ा या सूखा लगे, तो इसमें एक-दो चम्मच दूध मिला लें। यह मिश्रण बिल्कुल बाजार वाले मावे जैसा स्वाद देगा। अब ब्रेड के चारों किनारे चाकू की मदद से काटकर अलग कर दें। इसके बाद, बेलन की मदद से ब्रेड को हल्का सा दबाते हुए बेल लें, ताकि यह पतली और चपटी हो जाए। बेलने से ब्रेड सॉफ्ट हो जाती है, जिससे रोल बनाने में आसानी होती है और वह बीच से टूटती नहीं है। अब बेली हुई ब्रेड पर मिल्क पाउडर और मलाई वाली तैयार स्टफिंग को चम्मच से अच्छी तरह फैलाएं। फिर हल्के हाथों से ब्रेड को गोल घुमाते हुए इसका एक टाइट रोल बना लें। रोल के किनारों को चिपकाने के लिए आप हल्का सा दूध लगा सकते हैं। इसी तरह सारी ब्रेड के रोल तैयार कर लें। सभी ब्रेड रोल्स को एक सुंदर-सी सर्विंग प्लेट या ट्रे में एक साथ रख दें। अब इसके ऊपर पहले से तैयार की हुई ठंडी और गाढ़ी रबड़ी अच्छी तरह डाल दें, ताकि ब्रेड पूरी तरह से दूध को सोख ले। ऊपर से कटे हुए पिस्ता, बादाम और केसर के धागे डालकर गार्निश करें।

# क्या माइक्रोवेव में खाना गर्म करने से खत्म हो जाता है जरूरी पोषण?

आजकल हर घर की रसोई में माइक्रोवेव आसानी से दिख जाता है। मिनटों में खाना गर्म करना हो या पकाना, इससे हमारी जिंदगी काफी आसान हो गई है। हालांकि, फिर भी कई लोगों के मन में एक डर हमेशा छिपा रहता है कि क्या माइक्रोवेव की रेज हमारे खाने का सारा न्यूट्रिशन चूस लेती हैं? क्या इसमें पका खाना सेहत के लिए नुकसान का सौदा है? आइए, विज्ञान की मदद से इस सच से पर्दा उठाते हैं।

### आखिर माइक्रोवेव काम कैसे करता है?

यह समझने के लिए कि माइक्रोवेव हमारे खाने के साथ क्या करता है, पहले इसका काम करने का तरीका जानना बेहद जरूरी है।

माइक्रोवेव में ऊर्जा की खास तरंगें होती हैं। आप इन्हें रेडियो तरंगों का छोटा रूप समझ सकते हैं। ये तरंगें बहुत स्मार्ट होती हैं और सीधे खाने में मौजूद पानी के कणों या ऐसे कण जिनका एक हिस्सा पॉजिटिव और दूसरा नेगेटिव होता है से टकराती हैं। इन तरंगों के टकराने से ये कण बहुत तेजी से कांपने लगते हैं। इसी कंपन से खाने के अंदर खूब सारी गर्मी पैदा होती है और आपका खाना मिनटों में पक जाता है।

### क्या गर्मी से सच में उड़ जाते हैं विटामिन्स?

यह बात बिल्कुल सच है कि जब भी खाने को आंच या गर्मी लगती है, तो उसके कुछ पोषक तत्व कम हो जाते हैं। विटामिन-सी इसका सबसे बड़ा उदाहरण है। यह गैस पर पकाने से भी होता है और सामान्य ओवन में भी।

लेकिन मजेदार बात यह है कि माइक्रोवेव इस मामले में आम तरीकों से बेहतर है, क्योंकि माइक्रोवेव में खाना बहुत जल्दी पक जाता है, इसलिए खाने को कम समय तक गर्मी की मार झेलनी पड़ती है। नतीजतन, विटामिन-सी और गर्मी से खराब होने वाले अन्य जरूरी तत्व माइक्रोवेव में ज्यादा सुरक्षित रहते हैं।

### गैस पर सब्जियों को उबालने की आदत बदलें

अगर आप सब्जियों को पानी में डुबोकर गैस पर उबालते हैं, तो यह पोषण के लिहाज से एक बड़ी गलती हो सकती है।

ब्रोकली का उदाहरणः अगर आप ब्रोकली को ढेर सारे पानी में उबालते हैं, तो उसमें मौजूद 'ग्लूकोसाइनोलेट' नाम का तत्व उसी पानी में बह जाता है। यह वही तत्व है जो ब्रोकली को उसका खास स्वाद देता है और इसमें कैंसर से लड़ने की ताकत होती है।

माइक्रोवेव का कमालः इसकी जगह सब्जियों को भाप में पकाना सबसे अच्छा है। जब आप माइक्रोवेव में थोड़ा-सा पानी डालकर सब्जियों को पकाते हैं, तो सब्जियां अंदर से भाप में पकती हैं। इस तरीके से सब्जियों के विटामिन्स और मिनरल्स गैस पर पकाने की तुलना में सबसे ज्यादा बचे रहते हैं।



### सेहतमंद खाना पकाने का 'गोल्डन रूल'

- विज्ञान के अनुसार, खाना पकाने का सबसे अच्छा तरीका वही है जिसमें ये तीन बातें शामिल हों :
- खाना बहुत जल्दी पक जाए।
- खाने को कम से कम समय के लिए गर्मी लगे।
- पकाने में पानी का इस्तेमाल कम से कम हो।

## आज का राशिफल

**मेष** : शेयर मार्केट, म्युचुअल फंड इत्यादि से लाभ होगा। वाणी पर नियंत्रण रखें। जल्दबाजी न करें। लेनदारी वसूल करने के प्रयास सफल रहेंगे। व्यावसायिक यात्रा मनोनुकूल रहेगी। भाग्य का साथ रहेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। समय पर कर्ज चुका पाएंगे। नौकरी में उच्चाधिकारी की प्रसन्नता प्राप्त होगी।

**वृषभ** : नई आर्थिक नीति बन सकती है। कार्यस्थल पर सुधार व परिवर्तन से भविष्य में लाभ होगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। पार्टनरों का सहयोग कार्य में गति प्रदान करेगा। शत्रु सक्रिय रहेंगे। पुराना रोग उभर सकता है। शारीरिक कष्ट संभव है। पारिवारिक समस्या से चिंता बढ़ सकती है।

**मिथुन** : लाभ के अवसर हाथ आएंगे। भाग्य का साथ मिलेगा। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा। नौकरी में उन्नति होगी। निवेशादि करने का मन बनेगा। विवेक से कार्य करें, लाभ होगा। शत्रु सक्रिय रहेंगे। परिवार की चिंता बनी रहेगी। धार्मिक कार्य में मन लगेगा। कोर्ट व कचहरी के कार्य मनोनुकूल रहेंगे।

**कर्क** : धनागम होगा। प्रतिद्वंद्वी अपना रास्ता छोड़ देंगे। वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। किसी भी प्रकार के झगड़ों में न पड़ें। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। लेन-देन में जल्दबाजी न करें। वाणी पर नियंत्रण रखें। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। व्यवसाय ठीक चलेगा। आय में निश्चितता रहेगी।

**सिंह** : रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। सभी ओर से खुश खबरें प्राप्त होंगी। पारिवारिक चिंता रहेगी। अज्ञात भय सताएगा। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। संपत्ति की खरीद-फरोख्त में सफलता मिलेगी। स्थायी संपत्ति की दलाली बड़ा लाभ दे सकती है।

**कन्या** : ऐश्वर्य के साधनों पर व्यय होगा। आय के साधनों में वृद्धि होगी। भाग्योन्नति के प्रयास सफल रहेंगे। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा। भूमि व भवन संबंधी कार्य लाभदायक रहेंगे। नौकरी में उच्चाधिकारी प्रसन्न रहेंगे। शेयर मार्केट व म्युचुअल फंड में निवेश लाभदायक रहेगा।

**तुला** : लाभ के अवसर हाथ आएंगे। व्यापार-व्यवसाय ठीक चलेगा। निवेश शुभ रहेगा। नौकरी में संतोष रहेगा। पार्टी व पिकनिक का आनंद मिलेगा। विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा। शारीरिक कष्ट संभव है। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे।

**वृश्चिक** : किसी अपरिचित व्यक्ति पर अतिविश्वास न करें। व्यवसाय ठीक चलेगा। आय बनी रहेगी। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। पुराना रोग उभर सकता है। दु:खद समाचार प्राप्त हो सकता है। विवाद से क्लेश संभव है। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें।

**धनु** : व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। प्रयास सफल रहेंगे। पराक्रम बढ़ेगा। भाग्य का साथ मिलेगा। नौकरी में उच्चाधिकारी प्रसन्न रहेंगे। शेयर मार्केट मनोनुकूल लाभ देंगे। कानूनी अड़चन सामने आएगी। अज्ञात भय सताएगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे।

**मकर** : घर में अतिथियों का आगमन होगा। शुभ समाचार प्राप्त होंगे। नौकरी में अधिकार मिल सकते हैं। शेयर मार्केट से लाभ होगा। बाहर जाने का मन बनेगा। बड़ा काम करने की योजना बनेगी। लाभ होगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। किसी व्यक्ति के व्यवहार से स्वाभिमान को ठेस पहुंच सकती है।

**कुंभ** : अप्रत्याशित लाभ हो सकता है। सट्टे व लॉटरी से दूर रहें। नौकरी में प्रमोशन मिल सकता है। सुख के साधनों पर व्यय होगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। व्यापार-व्यवसाय मनोनुकूल लाभ देगा। निवेश शुभ रहेगा। चोट व रोग से बचें। यश बढ़ेगा। बेचैनी रहेगी। जल्दबाजी न करें।

**मीन** : व्यवसाय ठीक चलेगा। आय बनी रहेगी। शारीरिक कष्ट से बाधा संभव है। अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। वाणी पर नियंत्रण रखें। हल्की हंसी-मजाक न करें। किसी अपरिचित व्यक्ति पर भरोसा न करें। चिंता तथा तनाव रहेंगे। लेन-देन में जल्दबाजी न करें।

-ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री

# बारिश में मक्खियों से हैं परेशान

### दूर भगाने के लिए काफी ये 5 नेचुरल टिप्स


बरसात का मौसम मक्खियों और छोटे कीड़े-मकड़ियों के लिए सबसे अनुकूल वातावरण होता है. ऐसे में घर में भी इनका आतंक बढ़ जाता है. मक्खियां गंदगी पर बैठती हैं, ऐसे में यदि किचन में इनकी एंट्री सेहत के लिहाज से बहुत ही जोखिम भरा हो सकता है. ये खाने-पीने की चीजों और घर की सतहों को दूषित कर सकती हैं, जिससे बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है.

आमतौर पर लोग इन्हें भगाने के लिए केमिकल स्प्रे या अन्य उत्पादों का इस्तेमाल करते हैं, लेकिन इनसे घर की हवा प्रभावित हो सकती है और बच्चों व पालतू जानवरों के लिए भी परेशानी पैदा हो सकती है. अच्छी बात यह है कि कुछ आसान और प्राकृतिक उपायों की मदद से मक्खियों को बिना किसी नुकसान के घर से दूर रखा जा सकता है. ये तरीके न केवल सुरक्षित हैं, बल्कि काफी असरदार भी साबित होते हैं. अगर आप भी मक्खियों की समस्या से परेशान हैं, तो इन घरेलू उपायों को अपनाकर राहत पा सकते हैं.

### मक्खियां भागने का तरीका

### सेब के सिरके का ट्रैप बनाएं

मक्खियों को खमीर वाली गंध बहुत आकर्षित करती है. ऐसे में एक छोटे बर्तन में सेब का सिरका डालें और उसमें एक बूंद डिशवॉश लिक्विड मिला दें. ऊपर से प्लास्टिक रैप लगाकर उसमें छोटे-छोटे छेद कर दें. मक्खियां अंदर चली जाएंगी और बाहर नहीं निकल पाएंगी.



### नींबू और लौंग का इस्तेमाल करें

इस उपाय को करने के लिए एक नींबू को दो हिस्सों में काट लें और उसमें 6-10 लौंग लगा दें. इसे खिड़की, डाइनिंग टेबल या किचन काउंटर पर रखें. नींबू और लौंग की तेज खुशबू मक्खियों को दूर रखने में मदद करती है.

### तुलसी या पुदीना लगाएं

तुलसी और पुदीने की महक मक्खियों को पसंद नहीं होती. ऐसे में इन पौधों को घर के दरवाजों, खिड़कियों या रसोई के पास रखना बहुत फायदेमंद साबित होता है. इससे मक्खियां कम आएंगी और घर का वातावरण भी ताजा रहेगा.

### कपूर का उपयोग करें

कपूर का इस्तेमाल पूजा-पाठ में होता है, लेकिन इसकी तेज गंध मक्खियों को दूर रखने में भी मदद करती है. ऐसे में इसे कपड़े में बांधकर या किसी कटोरी में रखकर खिड़कियों के पास रखा जा सकता है. मानसून के मौसम में यह उपाय विशेष रूप से फायदेमंद माना जाता है.

### इस बात का भी ध्यान रखें

मक्खियां गंदगी और खाने के बचे हुए टुकड़ों की ओर आकर्षित होती हैं. इसलिए खाना ढककर रखें, किचन साफ रखें और डस्टबिन नियमित रूप से खाली करें.

# प्रेशर कुकर की रबर रिंग बन सकती है बीमारी की वजह?

अगर रबर रिंग पर लंबे समय तक तेल, मसाले, नमी और खाने के कण जमा रहें तो वहां सूक्ष्म जीव पनप सकते हैं. लेकिन यह कहना कि केवल इसी वजह से हर व्यक्ति को गंभीर बीमारी हो जाएगी, वैज्ञानिक रूप से सही नहीं माना जाता.



### रबर रिंग में गंदगी क्यों जमा हो जाती है

प्रेशर कुकर की रबर रिंग हर बार भाप, गर्मी और नमी के संपर्क में रहती है. खाना बनाते समय मसाले, तेल और भाप के छोटे-छोटे कण रिंग के किनारों पर चिपक सकते हैं. अगर लंबे समय तक इसे निकाला और साफ नहीं किया जाए तो वहां गंदगी जमा हो सकती है. यही वजह है कि विशेषज्ञ समय-समय पर इसकी सफाई करने की सलाह देते हैं.

### क्या बैक्टीरिया पनप सकते हैं

नमी और गंदगी वाली जगह पर कुछ तरह के बैक्टीरिया या फफूंद पनपने की संभावना रहती है. इसलिए रबर रिंग को साफ रखना जरूरी है. हालांकि सामान्य तरीके से खाना पकाने में ऊंचे तापमान का असर कई सूक्ष्म जीवों को खत्म कर देता है. इसलिए यह कहना कि हर बार खाना पूरी तरह संक्रमित हो जाता है, सही नहीं है. फिर भी साफ-सफाई की अनदेखी करना भी ठीक नहीं है.

### रबर रिंग की सफाई कैसे करें

हर कुछ बार इस्तेमाल के बाद कुकर की रबर रिंग निकालकर साफ पानी से अच्छी तरह धो लें. जरूरत हो तो हल्के बर्तन धोने वाले लिक्विड का इस्तेमाल करें. इसके बाद इसे पूरी तरह सुखाकर ही वापस लगाएं. कई लोग सिरके और बेकिंग सोडा का भी इस्तेमाल करते हैं. इससे बदबू और जमी हुई गंदगी हटाने में मदद मिल सकती है. ध्यान रखें कि किसी भी तेज रसायन का इस्तेमाल न करें जिससे रबर खराब हो जाए.

लेख में दी गई समस्त जानकारियां और सूचनाएं सामान्य मान्यताओं पर आधारित हैं. 'उल्हास विकास' इनकी पुष्टि नहीं करता है. इन पर अमल करने से पहले संबंधित विशेषज्ञ से संपर्क करें.

## खबरें गांव की...

### सगे चाचा ने भतीजियों का किया रेप, बाप ने भी की शर्मनाक करतूत में मदद; FIR

**लखनऊ.** लखनऊ में मलिहाबाद थाना क्षेत्र के एक गांव में रिश्तों को शर्मसार करने वाला मामला सामने आया है। यहां दो नाबालिग बहनों ने अपने सगे चाचा पर रेप करने और पिता पर आरोपी का सहयोग करने का आरोप लगाते हुए पुलिस से शिकायत की है। पुलिस ने दोनों के खिलाफ केस दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। इंस्पेक्टर सुरेंद्र सिंह भाटी ने बताया कि पीड़ित मां ने तहरीर देकर बताया कि वह लखनऊ में प्राइवेट नौकरी करती हैं। उनकी 12 और 14 वर्ष की दो बेटियां पति के साथ लखनऊ में रहती हैं। घर के पास ही आरोपी चाचा का स्कूल है। आरोप के मुताबिक दोनों बच्चियां उसी स्कूल में क्रमशः कक्षा 6 और 9 में पढ़ती हैं। शिकायत में कहा गया है कि आरोपी चाचा पिछले तीन वर्षों से बच्चियों के खाने में नशे की गोलियां मिलाकर दुष्कर्म कर रहा था। 9 जून को उसने बड़ी बेटी से रेप किया। जब बच्ची ने पिता को इस बारे में बताया तो पिता ने उसे डांटकर चुप करा दिया। डर और दबाव के चलते बच्ची कुछ नहीं बोल पाई। आरोपी की हरकतों से तंग आकर दोनों बहनों ने पूरी बात मां को बताई। इसके बाद मां ने थाने पहुंचकर एफआईआर दर्ज कराई।

### दो बसों के बीच पिसकर महिला की मौत, पति की भी दस साल पहले ऐसे ही गई थी जान

**हरदोई.** यूपी के हरदोई में दिल को दहला देने वाली घटना सामने आई है। यहां दो बसों के बीच पिसकर महिला की मौत हो गई। परिवार के लिए सबसे दुखद पहलू यह है कि दस साल पहले इसी तरह से महिला के पति की भी जान चली गई थी। तब ट्रक और डीसीएम के बीच फंसने से पति की मौत हुई थी। पुलिस ने दोनों बसों की पहचान कर ली है। गलती भी बस ड्राइवर की मानी गई है। कोतवाली देहात क्षेत्र के खेतुई गांव में रहने वाली नेहा सिंह पति की मौत के बाद अपने परिवार का भरण पोषण करने के लिए एक निजी दवा कंपनी में काम करती थीं। बुधवार दोपहर घरेलू काम निपटाने के बाद वह ड्यूटी के लिए रवाना हुईं। बांगरमऊ तक पहुंचने के लिए रोडवेज बस अड्डे पर बस का इंतजार कर रही थीं। जिस रोडवेज बस से उन्हें जाना था, वही बसें उनके लिए काल बन गईं।

### बेटे ने कुल्हाड़ी से वार कर मां की कर दी हत्या

**बहराइच.** यूपी में बहराइच जिले के विशेश्वरगंज थाने के पुरैना गांव में में गुरुवार सुबह करीब सात बजे एक बार फिर रिश्तों का कत्ल करने की दिल दहला देने वाली घटना सामने आई। यहां एक युवक ने अपनी मां पर कुल्हाड़ी से हमला कर उसकी नृशंस हत्या कर दी। पुलिस को घटना की जानकारी दी गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने कातिल बेटे को हिरासत में लिया है। हत्या करने की वजह की तलाश की जा रही है। उससे पूछताछ जारी है।

# मोदी बोले- युवाओं के कल्याण और भविष्य से बढ़कर कुछ नहीं

**नई दिल्ली.** पीएम नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को ऐलान किया कि पेपर लीक के दोषियों को सजा देने के लिए फास्ट ट्रैक कोर्ट्स बनाए जाएंगे। युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा।

पीएम का यह ऐलान कॉकरोच जनता पार्टी और विपक्ष के प्रदर्शन के बीच आया है। सीजेपी पिछले 34 दिन से जंतर-मंतर पर प्रदर्शन कर रही है।

वहीं, एक्टिविस्ट सोनम वांगचुक 26 दिन से भूख हड़ताल पर हैं। वे गुरुग्राम के मेदांता अस्पताल में भर्ती हैं। वहीं उनका इलाज चल रहा है।

#### पीएम ने कहा- युवाओं का हित सर्वोच्च प्राथमिकता

पीएम मोदी ने X पर पोस्ट कर कहा, देश के युवाओं का हित और उनका भविष्य हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

#### पेपर लीक केस के लिए पहली बार फास्ट ट्रैक कोर्ट

देश में अब तक पेपर लीक



मामलों की सुनवाई सामान्य अदालतों में होती थी, इसलिए फैसला आने में कई साल लग जाते थे। अब प्रधानमंत्री ने इसके लिए फास्ट ट्रैक कोर्ट बनाने की घोषणा की है, ताकि फैसला तेजी से हो सके।

भारत में फास्ट ट्रैक कोर्ट की शुरुआत साल 2000 में हुई थी। इनका गठन 11वें वित्त आयोग की सिफारिश पर किया गया था। आयोग ने देशभर में 1734 फास्ट ट्रैक कोर्ट बनाने के लिए स्पेशल फंड की अनुशंसा की थी।

फास्ट ट्रैक कोर्ट का रिकॉर्ड भी बेहतर रहा है। केंद्र सरकार के अनुसार, रेप और POCSO मामलों के लिए बनी फास्ट ट्रैक कोर्ट ने 2019 से 2025 तक 3.06 लाख से ज्यादा मामलों का निपटारा किया है।

इन अदालतों में मामलों के निपटारे का रेट 96.28% है, यानी जितने नए मामले आए, लगभग उतने ही मामलों का निपटारा भी हुआ। हालांकि, नए मामले लगातार दर्ज होने के कारण 2025 के अंत तक 2.45 लाख से ज्यादा मामले पेंडिंग थे, जबकि 2024 के अंत में यह संख्या 2.04 लाख थी।

### पूर्व AAP पार्षद ताहिर हुसैन की सजा पर फैसला टला

27 जुलाई को होगी बहस

**नई दिल्ली.** आईबी अधिकारी अंकित शर्मा हत्याकांड में पूर्व AAP पार्षद ताहिर हुसैन समेत पांच दोषियों की सजा पर आज बहस होनी थी, लेकिन दिल्ली की कड़कड़डूमा कोर्ट ने सुनवाई 27 जुलाई तक के लिए टाल दी।

ताहिर हुसैन के वकील के अनुरोध पर अदालत ने यह फैसला लिया। कोर्ट ने सभी दोषियों के वकीलों को उनकी सामाजिक और आर्थिक स्थिति (सोशियो-इकोनॉमिक स्टेटस) का हलफनामा दाखिल करने का भी निर्देश दिया। कड़कड़डूमा कोर्ट ने 13 जुलाई को ताहिर हुसैन, नाजिम, काशिम, अनस और जावेद को हत्या, अपहरण, दंगा और सांप्रदायिक वैमनस्य फैलाने का दोषी ठहराया था।

## संसद के बाहर NDA-इंडिया ब्लॉक आमने-सामने

- प्रियंका नारे लगाते NDA सांसदों के पास पहुंचीं
- सुरक्षाकर्मियों ने रोका

**नई दिल्ली.** संसद के मानसून सत्र के चौथे दिन गुरुवार को संसद भवन के बाहर NDA और विपक्ष आमने-सामने आ गए। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस सांसद राहुल गांधी, प्रियंका गांधी वाड्रा, समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव समेत विपक्षी सांसदों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी की।



विपक्ष के सामने NDA के सांसद भी विरोध प्रदर्शन में उतर गए। इस दौरान दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। NDA सांसद पीएम आवास के बाहर 21 जुलाई को राहुल के धरने का विरोध कर रहे हैं।

वहीं इंडिया ब्लॉक नीट पेपर लीक को लेकर शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग कर रहा है। प्रदर्शन के दौरान प्रियंका गांधी NDA सांसदों के बिल्कुल करीब चली गईं। सुरक्षाकर्मियों ने बीच में आकर उन्हें रोका। संसद के भीतर भी हंगामा जारी रहा।

**लोकसभा कल तक स्थगित**

इसके कारण लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाही दोपहर 2 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई है। 2 बजे लोकसभा में कार्यवाही शुरू हुई तो भारी हंगामा शुरू हो गया। इस पर सदन की कार्यवाही शुक्रवार सुबह 11 बजे तक स्थगित कर दी गई। वहीं राज्यसभा की कार्यवाही हंगामे के चलते 3 बजे तक स्थगित कर दी गई।

## राहुल बोले- PM एजुकेशन सिस्टम की बर्बादी के जिम्मेदार



- छात्रों की 3 मांगें- प्रधान को हटाएं
- स्टूडेंट्स से हिंसा करने वालों के खिलाफ एक्शन लें

**नई दिल्ली.** देश भर में NEET सहित प्रतियोगी परीक्षाओं के पेपर लीक के मामलों को लेकर जारी विरोध प्रदर्शन के बीच PM नरेंद्र मोदी ने ऐलान किया किस पेपर लीक मामलों के दोषियों को सजा दिलाने के लिए फास्ट ट्रैक कोर्ट बनाए जाएंगे। इस पर लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने इसे 'शिक्षा तंत्र की तबाही' छिपाने की कोशिश करार दिया।

राहुल गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'X' पर पोस्ट में आरोप लगाया कि देश के शिक्षा तंत्र को बर्बाद करने और युवाओं के भविष्य को नुकसान पहुंचाने के लिए प्रधानमंत्री खुद जिम्मेदार हैं।

**राहुल ने कहा था- पेपर लीक से 7.5 करोड़ स्टूडेंट्स प्रभावित**

राहुल गांधी ने बुधवार को दिल्ली के इंदिरा भवन में छात्रों के खिलाफ लाठीचार्ज पर करीब 40 मिनट प्रेस कॉन्फ्रेंस की थी। उन्होंने प्रेजेंटेशन में 20 जुलाई को कॉकरोच जनता पार्टी के संसद मार्च में शामिल छात्रों के वीडियो चलाए। राहुल कहा कि नीट पेपर लीक से देश के 7.5 करोड़ स्टूडेंट्स और उनके परिवार प्रभावित हुए। नीट मामले में किसी भी को सजा नहीं हुई।

### गुजरात के सूरत में 4 घंटे में 4 इंच बारिश

- अहमदाबाद-मुंबई रूट पर 7 ट्रेनें रद्द
- MP-राजस्थान समेत 7 राज्यों में बारिश का अलर्ट

**नई दिल्ली.** मध्य प्रदेश, राजस्थान, यूपी, पंजाब, बिहार, छत्तीसगढ़ और गुजरात में आज भारी बारिश का अलर्ट है। मध्य प्रदेश में मानसूनी बारिश के 3 स्ट्रॉन्ग सिस्टम एक्टिव है। इस वजह से प्रदेश में लगातार 60 घंटे से बारिश हो रही है।

वहीं, गुजरात के सूरत में 4 घंटे में 4 इंच बारिश हुई। भेड़ावल और सीमादा नदियां उफान पर हैं। अन्य नदियां भी खतरनाक स्तर पर बह रही हैं। 2,244 लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है। 3 जिलों में बारिश का रेड, 11 जिलों में ऑरेंज और 10 जिलों में यलो अलर्ट है।

यूपी में आज 69 जिलों में बारिश का अलर्ट है। उधर, असम में बाढ़ से 6.53 लाख लोग प्रभावित हैं। 24 घंटे में 10 लोगों की मौत हो गई। अब तक मृतकों की संख्या 41 पहुंच गई है।

गुजरात के तापी जिले के व्यारा में भारी बारिश से कई इलाकों में जलभराव और बाढ़ जैसे हालात बन गए। तालाब से पानी छोड़े जाने और मिंढोला नदी के उफान पर आने से निचले इलाके में पानी भर गया, जिससे शहर में लोगों की आवाजाही प्रभावित हो रही है। सूरत में सुबह 4 बजे से 8 बजे के बीच 4 इंच बारिश हुई।

## कॉकरोच पार्टी बोली- सरकार ने फिर बातचीत के लिए बुलाया

- नड्डा के घर की बजाय दूसरी जगह बातचीत की शर्त
- अन्ना हजारे ने मौन प्रदर्शन किया

**नई दिल्ली.** कॉकरोच जनता पार्टी (CJP) ने गुरुवार को लगातार दूसरे दिन दावा किया है कि सरकार ने उसे बातचीत के लिए बुलाया है। CJP प्रवक्ता सौरव दास ने जंतर-मंतर पर कहा- हमें पुलिस ने बताया कि नड्डा ने अपने आवास पर चर्चा के लिए बुलाया है।

**सौरव दास ने कहा-** हम किसी के घर या दफ्तर नहीं जाएंगे। अगर सरकार बातचीत चाहती है तो जंतर-मंतर आए या किसी न्यूट्रल जगह पर बातचीत करे। इससे पहले बुधवार को भी CJP ने नड्डा के साथ बैठक का प्रस्ताव इसी वजह से ठुकरा दिया था।



इधर महाराष्ट्र के अहिल्यानगर में सामाजिक कार्यकर्ता अन्ना हजारे ने छात्रों के समर्थन में मौन प्रदर्शन किया। छात्रों के प्रति समर्थन जताते हुए हजारे भावुक भी हो गए। तबीयत खराब होने के कारण कुछ देर बाद उन्हें प्रदर्शन स्थल से जाना पड़ा। उनके जाने के बाद भी मौन प्रदर्शन जारी रहा।

## ईरान का मिडिल-ईस्ट में अमेरिकी बेस पर हमला

- दावा- जॉर्डन में THAAD डिफेंस सिस्टम तबाह
- कुवैत में ड्रोन ठिकाने को निशाना बनाया

ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (IRGC) ने मिडिल-ईस्ट में अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर जवाबी हमले किए हैं। सेना ने जॉर्डन और कुवैत में US बेस पर ड्रोन और मिसाइल दागी हैं

IRGC ने दावा किया कि जॉर्डन में तैनात अमेरिकी THAAD (टर्मिनल हाई एल्टीट्यूड एरिया डिफेंस) एयर डिफेंस सिस्टम को तबाह कर दिया गया है। इसके अलावा कुवैत में अमेरिकी MQ-9 रीपर ड्रोन के ऑपरेशन बेस पर भी हमला किया गया। ईरान का कहना है कि ये कार्रवाई हाल के अमेरिकी हमलों के जवाब में की गई है।



इससे पहले अमेरिका ने बुधवार रात ईरान में इराक बॉर्डर पर स्थित शलमचेह बॉर्डर क्रॉसिंग पर हवाई हमला किया। खुजेस्तान प्रांत के डिप्टी गवर्नर ने बताया कि इस हमले में दो लोगों की मौत हुई है।

ट्रम्प की ईरान में बमबारी की धमकीः ट्रम्प ने कहा कि अगर ईरान होर्मुज स्ट्रेट में किसी जहाज पर हमला करता है, तो अमेरिका जवाब में ईरान के पुलों और बिजली घरों पर बमबारी करेगा। इनमें तेहरान के अंदर मौजूद ठिकाने भी शामिल होंगे।

**हूती विद्रोहियों की धमकी-** सऊदी पोर्ट से दूर रहें जहाजः यमन के ईरान से जुड़े हूती विद्रोहियों ने शिपिंग कंपनियों को सऊदी अरब के बंदरगाहों से दूर रहने की धमकी दी है। उन्होंने कहा अगर नहीं माना तो हमला होगा।

**जंग में अब तक 18 अमेरिकी सैनिकों की मौत:** अमेरिकी सेंट्रल कमांड के मुताबिक, मौजूदा संघर्ष में अब तक 18 अमेरिकी सैनिक मारे जा चुके हैं, जबकि सैकड़ों सैनिक घायल हुए हैं।

**अमेरिका ने जंग में 3.6 लाख करोड़ खर्च किए:** अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने बताया कि ईरान के साथ युद्ध पर अब तक 37.5 अरब डॉलर (करीब ₹3.6 लाख करोड़) खर्च हो चुके हैं।

**कच्चा तेल 92 डॉलर के पार:** अमेरिका-ईरान तनाव बढ़ने के बीच ब्रेंट क्रूड की कीमत 92.01 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंच गई, जबकि WTI क्रूड 85.16 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है।

### अलर्ट मोड पर केंद्र सरकार

**नई दिल्ली.** दिल्ली में CJP यानी कॉकरोच जनता पार्टी के प्रोटेस्ट के बाद देश के कई राज्यों में प्रदर्शन शुरू हो गए हैं। इसी बीच खबर है कि सरकार ने बुधवार को उच्च स्तरीय सुरक्षा समीक्षा की है। सोमवार को ही सीजेपी के बैनर तले प्रदर्शनकारियों ने जंतर-मंतर से संसद तक पैदल मार्च किया था, जिस दौरान पुलिस और उनमें झड़प की खबरें भी सामने आई थीं। ये प्रदर्शनकारी पेपर लीक के मुद्दे पर केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे समेत कई मांगें कर रहे हैं।

इंडिया टुडे ने सरकारी सूत्रों के हवाले से बताया है कि अधिकारी कानून और व्यवस्था की स्थिति की जांच कर रहे हैं। उन्होंने चैनल को यह भी बताया है कि राज्यों को बढ़ते तनाव को लेकर भी तैयार रहने के लिए कहा गया है। कहा जा रहा है कि समीक्षा के दौरान खासतौर पर दिल्ली और जंतर-मंतर के पास के इलाकों पर ध्यान दिया गया था। हालांकि, इसे लेकर पुलिस या केंद्र की तरफ से आधिकारिक रूप से कुछ नहीं कहा गया है।

## पुलिसकर्मी की छात्रों को ड्रग्स केस में फंसा देने की धमकी, वीडियो वायरल

### मुंबई पुलिस ने आरोपी को काम से हटाया, जांच शुरू

**मुंबई.** मुंबई के एक पुलिसकर्मी ने NEET पेपर लीक के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे छात्रों को प्रदर्शन से दूर रखने के लिए ड्रग्स के झूठे मामले में फंसाने की धमकी दी है। इस घटना का वीडियो मुंबई कांग्रेस के X हैंडल पर पोस्ट किया गया है। यह वीडियो वायरल है।

पिछले कुछ दिनों में शिवाजी पार्क, चेंबूर और आज़ाद मैदान



जैसी मुंबई की कई जगहों पर बड़ी संख्या में छात्र और नागरिक विरोध-प्रदर्शन कर रहे हैं।

मुंबई कांग्रेस के पोस्ट किए गए वीडियो में एक पुलिसकर्मी छात्रों के एक समूह को धमकी देता हुआ दिख रहा है कि अगर वे दोबारा विरोध-प्रदर्शन में शामिल हुए, तो उन्हें ड्रग्स के झूठे मामले में फंसा दिया जाएगा।

इस घटना को गंभीरता से लेते हुए, मुंबई पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है।

जांच के नतीजे आने तक, वीडियो में वर्दी में दिख रहे पुलिसकर्मी को उसकी मौजूदा पोस्टिंग से हटा दिया गया है। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि जांच के

**पुलिसकर्मी बोला- दोबारा यहां दिखे, तो मैं तुम्हारी जिंदगी बर्बाद कर दूंगा**

- वीडियो में पुलिस वैन में कुछ युवक दिख रहे हैं, जिन्हें शायद एक प्रोटेस्ट साइट से हिरासत में लिया गया है। आगे की सीट पर बैठे एक पुलिसवाले को उन्हें घर जाने और प्रोटेस्ट में वापस न आने के लिए कहते हुए सुना जा सकता है। वीडियो में पुलिसवाला स्टूडेंट्स से कहता है, 'अगर तुम दोबारा यहां दिखे, तो मैं तुम्हारी ज़िंदगी बर्बाद कर दूंगा।
- फिर वह कहता है कि वह उन्हें झूठे ड्रग केस में फंसा देगा। वीडियो में पुलिसवाला कहता हुआ सुनाई देता है, 'मैं तुम्हारे बैग में 50-50 ग्राम पाउडर डाल दूंगा और तुम्हारी ज़िंदगी खत्म हो जाएगी।'
- फिर वह प्रोटेस्ट करने वालों से कहता है कि उनके प्रोटेस्ट ने उसकी जिंदगी मुश्किल कर दी है।

## गुलाम देशों के लिए शुरू हुआ था कॉमनवेल्थ गेम्स

- मिल्खा के करिश्मे ने भारत को दिलाया पहला गोल्ड
- साइना की जीत से पहली बार नंबर-2 बना

**14 अक्टूबर 2010...**

दिल्ली का जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम 'भारत...भारत...' के नारों से गूंज रहा था। बैडमिंटन कोर्ट पर साइना नेहवाल थीं। सामने सिर्फ एक फाइनल नहीं था, बल्कि पदक तालिका में भारत का भविष्य भी था। अगर साइना हार जातीं, तो मेजबान भारत तीसरे स्थान पर खिसक जाता, लेकिन उन्होंने जीत दर्ज की। भारत का 38वां स्वर्ण पदक आया। कुल पदक 101 हुए और पहली बार कॉमनवेल्थ गेम्स की पदक तालिका में ऑस्ट्रेलिया के बाद भारत दूसरे स्थान पर पहुंच गया। आज भी यह भारत का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है।

भारत की यह कहानी 2010 में शुरू नहीं हुई थी, इसकी शुरुआत 76 साल पहले हुई थी, जब 1934 में सिर्फ 6 भारतीय खिलाड़ी पहली बार कॉमनवेल्थ गेम्स में उतरे थे। उस वक्त भारत पर अंग्रेजों का शासन था, लेकिन पहलवान राशिद अनवर ने कांस्य पदक जीतकर




**1934 में भारत गुलाम था, लेकिन इतिहास लिखा**

भारत पहली बार इन खेलों में उतरा। आजाद भारत नहीं... ब्रिटिश भारत। पूरे दल में सिर्फ छह खिलाड़ी थे। उनमें से पहलवान राशिद अनवर ने कांस्य पदक जीतकर भारत का खाता खोला। यानी भारत का पहला कॉमनवेल्थ पदक उस समय आया, जब देश का अपना तिरंगा भी आधिकारिक राष्ट्रीय ध्वज नहीं था।

भारत का नाम इतिहास में दर्ज करा दिया। हालांकि, कॉमनवेल्थ गेम्स की कहानी इससे भी 43 साल पहले की है। आइए, 135 साल पुराने इस सफर के बारे में जानते हैं....

#### न सरकार, न राजा... एक पादरी का आइडिया

कॉमनवेल्थ की कहानी शुरू होती है 1891 में। ब्रिटिश साम्राज्य अपने चरम पर था। दुनिया की करीब एक-चौथाई आबादी और विशाल भूभाग पर ब्रिटेन का शासन था। तब एक ब्रिटिश पादरी जॉन एस्टली कूपर ने एक ऐसा सपना देखा, जिसने बाद में दुनिया के सबसे बड़े खेल आयोजनों में से एक को जन्म दिया।

उन्होंने कहा कि साम्राज्य की ताकत सिर्फ सेना से नहीं, बल्कि लोगों के रिश्तों से भी बढ़ती है। अगर ब्रिटिश साम्राज्य के अलग-अलग देशों के खिलाड़ी एक मैदान पर उतरेंगे तो आपसी भरोसा और भाईचारा मजबूत होगा। उन्होंने इसका नाम दिया- 'पैन-ब्रिटेनिक फेस्टिवल', लेकिन विचार देना आसान था, उसे सच करना मुश्किल। करीब 20 साल तक यह सपना कागजों में ही पड़ा रहा।

#### राजा के राज्याभिषेक ने दिखाया भविष्य

1911 में ब्रिटेन के राजा जॉर्ज पंचम का राज्याभिषेक हुआ। इसी मौके पर लंदन में फेस्टिवल ऑफ एम्पायर आयोजित किया गया।

ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका जैसे देशों के खिलाड़ी पहली बार एक ही आयोजन में उतरे। यह आधिकारिक कॉमनवेल्थ गेम्स नहीं थे, लेकिन इतिहासकार इसे कॉमनवेल्थ गेम्स की पहली झलक मानते हैं। यहीं लोगों को एहसास हुआ कि ऐसा आयोजन सफल हो सकता है।

#### ओलिंपिक में हुई एक बैठक... जिसने इतिहास बदल दिया

1928 के एम्स्टर्डम ओलिंपिक के दौरान ब्रिटिश साम्राज्य के खेल प्रशासक मिले। यहीं फैसला हुआ कि ओलिंपिक से अलग, हर चार साल में ब्रिटिश साम्राज्य के देशों के लिए अपना एक खेल आयोजन होगा। यही वह फैसला था जिसने कॉमनवेल्थ गेम्स को जन्म दिया।

### लड़कियों पर बल प्रयोग देख अत्यंत पीड़ा हुई

छात्र आंदोलन पर मुरली मनोहर जोशी का बड़ा बयान

**दिल्ली.** दिल्ली के जंतर-मंतर पर चल रहे छात्रों के आंदोलन पर भाजपा के वरिष्ठ नेता मुरली मनोहर जोशी की प्रतिक्रिया सामने आई है। उन्होंने छात्रों- खासकर महिलाओं और लड़कियों पर हुए बल प्रयोग पर दुख जताया है। जोशी ने कहा है कि उन्हें यह देखकर अत्यंत पीड़ा हुई कि महिलाओं और युवतियों को निर्मम बल का इस्तेमाल किया गया। ऐसे बल प्रयोग से तो भारतीय समाज का बड़ा हिस्सा विकसित भारत के लक्ष्य से बहुत दूर चला जाएगा।

भाजपा के वयोवृद्ध नेता मुरली मनोहर जोशी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, "यह देखना अत्यन्त पीड़ादायक है कि देश के विभिन्न भागों से आए युवा छात्र कई दिनों से नई दिल्ली की सड़कों पर एकत्रित हैं। उनकी चिंताएं और सरोकार वास्तविक हैं। इन्हें सहानुभूति तथा दूरगामी समाधान की दृष्टि से हल किया जाना चाहिए। मुझे पूरी आशा है कि इसे केवल कानूनी और व्यवस्था की समस्या के रूप में नहीं देखा जाएगा, जिससे बलपूर्वक निपटा जाए। मुझे यह देखकर अत्यन्त पीड़ा हुई है कि महिलाओं और युवतियों पर निर्मम बल प्रयोग किया गया। ऐसे बल के उपयोग से भारतीय समाज का बड़ा हिस्सा विकसित भारत के लक्ष्य से बहुत दूर चला जाएगा।"

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के जंतर-मंतर पर पिछले कई दिनों से कॉकरोच जनता पार्टी (CJP) के नेतृत्व में आंदोलन चल रहा है।

نوجیون کو-آپریٹو بئنک لمیٹیڈ

NAV JEEVAN CO-OP. BANK LTD.

ESTD. 1985

HEAD OFFICE : BHAWANI SAW MILLS COMPOUND, ULHASNAGAR- 421 003.

Tel. : 0251- 2572101 Email :navjeevanbank@njcb.in

**NOTICE OF THE 42nd ANNUAL GENERAL MEETING**

Notice is hereby given that the **42nd Annual General Meeting** of the Bank is scheduled on **Sunday the 9th August, 2026, at 11.00 a.m. at Regency & Regal Hall,** 2nd floor, Anil Complex, New Link Road, Near Sapna Garden, Ulhasnagar-3, to deliberate following agenda. We request you to be present for the meeting on time.

**Agenda of the Meeting**

1. To read and confirm the minutes of the last Annual General Body Meeting held on 3rd August, 2025.
2. To consider and adopt the Annual Report of the Bank for the F.Y. 2025-26, Audited Profit & Loss account for the year ended 31st March, 2026 and Balance Sheet of the Bank as on that date.
3. To consider and adopt Statutory Auditor's Report from M/s. P. Parikh & Associates - Chartered Accountants for the F.Y. 2025-26, and Rectification Report of the earlier audit.
4. To ratify the Appropriation of Profit for the F.Y. 2025-26.
5. To ratify appointment of Statutory Auditor of our Bank for the F.Y. 2026-27, from the list of panel of Statutory Auditors approved by the Co-Op. Dept., Maharashtra State, Pune after due approval from Reserve Bank of India vide their Circular Ref. No. RBI/2021-22/25 Ref. No. DoS. CO.ARG/SEC.01 /08.91.001/2021-22 dtd. April 27, 2021.
6. To take note of the Annual Budget of the Bank for F.Y.2026-27.
7. To approve Amendments to Bye-Laws of the bank, as proposed.
8. To consider Statement showing Loans and advances to directors and their relatives as on 31st March, 2026.
9. To ratify nominal membership fees not transferred to Reserve Fund as on 31st March 2026.
10. To transact any other business with the permission of the chair.

Place: **Ulhasnagar**
Date: **20th July, 2026**

By order of
Board of Directors

**Note:**

1. If the meeting is adjourned for want of quorum, the same will be held at 11.30 a.m. on the same day at the same place and the agenda of the meeting will be transacted at such meeting irrespective of the quorum.
2. Soft copies of the annual report will be made available on website of the Bank **www.navjeevanbank.in**
3. Members desiring to have any information or offer suggestions or put any questions with respect to the agenda items are requested to do so in writing/E-mail the same to Head Office of the Bank atleast five days in advance before the date fixed for the meeting. **Please note that Questions related to items of Agenda will only be considered for discussion in the meeting.**
4. Share certificates are ready till date and all Shareholders are earnestly requested to collect their Share Certificates from the Bank at the earliest and to inform change of address, if any. All members are required to comply with KYC requirements as advised by RBI.
5. Members who have not collected dividend for the year 2022-23, are requested to collect the same immediately; if not collected **before September 30, 2026**, the same will be **forfeited and transferred to Reserve Fund** in accordance with the provision of bye-laws. The information may be treated as official notice to concerned members.
6. Members are requested to avail facility of Nomination for shares, if not availed so far. Members are also requested to register their mobile number and E-mail ID if not yet registered.
7. The Members are requested to intimate change in address to Head Office, to enable us to dispatch Notice of AGM and dividend warrants to their correct address as many Notices and Dividend Warrants are returned back to us undelivered.

*The Bank felicitates meritorious children of Shareholders, applications are invited for the same from the Hon'ble Members. Kindly attach copy of Mark sheet only for the year 2025-26, a copy of Membership Certificate of their Parents and KYC documents of the student.*

*Please get in touch with Bank officials for further details.*

*Members can collect copy of 42nd Annual Report for the year 2025-26 from their nearest branch / Head office.*

संक्षेप...

## मनपा कर्मचारी की हार्ट अटैक से मौत

**भिवंडी.** भिवंडी महानगर पालिका के कंस्ट्रक्शन डिपार्टमेंट में काम करने वाले एक मज़दूर की बुधवार को काम करते समय अचानक हार्ट अटैक से मौत हो गई। मरने वाले मज़दूर की पहचान नदीम अख्तर मोमिन (40) के तौर पर हुई है। उस समय नदीम को हार्ट अटैक आया था। उस समय उसके साथी मज़दूरों पर उसे इलाज के लिए हॉस्पिटल में भर्ती कराए बिना मौके से भागने का आरोप है. और इस बात पर गुस्सा जताया जा रहा है। नदीम भिवंडी मनपा के कंस्ट्रक्शन डिपार्टमेंट में रोड वर्कर के तौर पर काम कर रहा था। इसी बीच, जब वह दोपहर में वार्ड नंबर 5 के कोंडवाड़ा में काम कर रहा था, तो उसे ज़ोरदार हार्ट अटैक आया। ढाई घंटे तक एक ही जगह पर रखे जाने के बाद नदीम की मौत हो गई।

# बारवी डैम में पानी का स्तर बढ़ा

- अब 63.53% इकट्ठा हुआ पानी
- तानसा और मोडक सागर हुए लबालब
- भारी बारिश में भी उल्हास नदी सुरक्षित लेवल पर

मोहनसिंह धामी



### भातसा डैम में पानी का लेवल 73.37%

जिले के सबसे बड़े भातसा डैम में भी पानी का लेवल 73.37 परसेंट तक पहुंच गया है, और डैम की स्टोरेज कैपेसिटी 691.18 मिलियन क्यूबिक मीटर है। इससे अब लोगों की पानी से जुड़ी ज़्यादातर चिंताएं दूर हो गई हैं। आंकड़े बताते हैं कि डैम एरिया और पूरे जिले में बारिश की तेज़ी काफी बढ़ गई है।

**कल्याण.** पिछले 24 घंटों में ठाणे जिले में भारी बारिश हुई है और ठाणे, अंबरनाथ, उल्हासनगर समेत जिले के कई शहरों की प्यास बुझाने वाले बारवी डैम में पानी का स्टोरेज काफी संतोषजनक रूप से बढ़ गया है। 23 जुलाई को सुबह 8 बजे प्रशासन द्वारा दी गई रिपोर्ट के अनुसार, बारवी डैम का पानी का स्टोरेज अब 63.53 परसेंट तक पहुंच गया है और इसमें 215.38 मिलियन क्यूबिक मीटर का उपयोगी पानी का स्टोरेज जमा हो गया है। बारवी डैम के साथ-साथ शाहपुर तालुका में तानसा और मोदक सागर दोनों डैम, जो जिले को पानी की सप्लाई करते हैं, अब पूरी तरह से भर गए हैं, यानी 100%। तानसा डैम की पूरी कैपेसिटी 145.08 मिलियन क्यूबिक मीटर और मोडक सागर की पूरी कैपेसिटी 128.93 मिलियन क्यूबिक मीटर है।

### ठाणे जिले में औसतन 92.50mm बारिश

पिछले 24 घंटों में पूरे ठाणे जिले में एवरेज 92.50 मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गई है, और जिले की कुल बारिश का एवरेज 50.49 परसेंट तक पहुंच गया है। इन 24 घंटों में सबसे ज़्यादा 130 mm बारिश मुरबाद तालुका में और ठाणे तालुका में 127 mm रिकॉर्ड की गई है। उसके बाद मीरा-भायंदर में 105 mm, शहापुर में 97 mm, भिवंडी में 75 mm, उल्हासनगर में 73 mm, कल्याण में 71 mm और अंबरनाथ में 62 mm बारिश रिकॉर्ड की गई है। बारिश की इस ज़ोरदार बारिश से खेती के काम में भी तेज़ी आ गई है और हर तरफ़ उत्साह का माहौल है।

### भारी बारिश के बावजूद सभी नदियां खतरे के निशान से नीचे

- एक तरफ़, ज़िले में भले ही भारी बारिश हो रही है, लेकिन प्रशासन और नदी किनारे बसे गांवों के लिए सबसे बड़ी राहत की बात यह है कि उल्हास नदी समेत ज़िले की सभी बड़ी नदियां अभी भी वॉर्निंग लेवल से सुरक्षित नीचे बह रही हैं।
- बदलापुर में दोपहर 2 बजे उल्हास नदी का पानी का लेवल 13.39 मीटर था। यह वॉर्निंग लेवल 16.50 मीटर से नीचे था। इसी तरह, अंबरनाथ के जांभुलपाड़ा में उल्हास नदी 12.20 मीटर पर थी। जबकि मोहने में उल्हास नदी 7.50 मीटर की ऊंचाई पर बह रही थी।
- इसके साथ ही कल्याण इलाके में कालू नदी टिटवाला में 101.80 मीटर पर बह रही थी। कालू नदी का वॉर्निंग लेवल 102.00 मीटर है। जबकि शाहपुर में भाटसा नदी सपगांव में 32.70 मीटर (वॉर्निंग लेवल 36.061 मीटर) पर बह रही है और डिजास्टर मैनेजमेंट अथॉरिटी ने साफ किया है कि ये सभी नदियां अभी वॉर्निंग लेवल से नीचे हैं। इसलिए, नदी के किनारे रहने वाले लोगों को बाढ़ का तुरंत कोई खतरा नहीं है।

## दावड़ी तालाब पर पार्टी करने आए दो युवक डूबे

**कल्याण.** बारिश के कारण डोंबिवली के पास दावड़ी तालाब पर पार्टी करने आए दो लोग मंगलवार दोपहर को झील में पानी की गहराई का अंदाज़ा न लगा पाने के कारण डूब गए। तालाब में डूबने वाले युवकों के नाम संतोष सियाराम मौर्य (29) और भीमेश्वर उर्फ सुंदर बलबहादुर भंडारी (24) हैं।

पुलिस स्टेशन में दी गई अपनी शिकायत में अरविंद माली ने बताया कि उनके जीजा संतोष मौर्य और उनके चाइनीज़ होटल में काम करने वाले कुक भीमेश्वर भंडारी मंगलवार दोपहर 1:30 बजे डोंबिवली के पास दावड़ी गांव के तुकाराम चौक इलाके में दावड़ी बंदर झील में एक पार्टी के लिए गए थे। खाना खाने के बाद वे तैरने के लिए तालाब में चले गए। उन्हें उम्मीद नहीं थी कि वहां पानी इतना गहरा होगा। वे एक-दूसरे और बाहर के लोगों से बचाने के लिए चिल्ला रहे थे, लेकिन तालाब ओवरफ्लो होने की वजह से किसी ने भी उन्हें बचाने के लिए तुरंत तालाब में कूदने की हिम्मत नहीं की।

इसकी जानकारी पुलिस और फायर ब्रिगेड को दी गई। कर्मचारियों ने झील में नाव चलाई और पानी को हिलाया। उस समय दोनों युवक पानी पर तैर रहे थे। उन्हें तुरंत इलाज के लिए नगर पालिका के शास्त्री नगर अस्पताल ले जाया गया। वहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

## अंबरनाथ भाजपा विधानसभा सह संयोजक पद पर अनिल गायकवाड़ नियुक्ति


**अंबरनाथ.** अंबरनाथ डेन एबीसी केबल के संचालक अनिल गायकवाड़ को भारतीय जनता पार्टी 140 अंबरनाथ विधानसभा सह संयोजक पद पर नियुक्त किया गया है. शहर में पक्ष संघटना को अधिक मजबूत करने के लिए ये जवाबदारी उन्हें सौंपी गई है. अनिल गायकवाड़ को नियुक्ति पत्र और सम्मान चिह्न भाजपा राज्य परिषद सदस्य गुलाबराव करंजुले पाटिल के हाथों प्रदान किया गया है. गत अनेक वर्षों से राजकीय और सामाजिक क्षेत्र में सक्रिय अनिल गायकवाड़ को भाजपा द्वारा ये महत्वपूर्ण पद दिया गया है. अंबरनाथ नपा के चुनाव में उन्होंने भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़ा था. लेकिन वह बहुत ही कम वोटों से हार गए थे. उनकी इस नियुक्ति पर शहर के भाजपा नेताओं एवं नगरसेवकों ने उन्हें बधाई दी है. उनकी इस नियुक्ति से अंबरनाथ विधानसभा क्षेत्र में भाजपा के संगठनात्मक कार्यों को नई गति मिलने की उम्मीद जताई जा रही है. अनिल गायकवाड़ को एक कार्यक्रम में नियुक्ति पत्र एवं सम्मान चिह्न प्रदान करते समय पार्टी के पदाधिकारी कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित थे. अनिल गायकवाड़ ने भाजपा नेताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा है कि भाजपा पक्ष की संगठनात्मक विस्तार की रणनीति को वह और भी मजबूत करेंगे.


## CM फडणवीस के जन्मदिन पर वृद्धाश्रम में भोजन वितरण

**भिवंडी.** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस का जन्मदिन पर विभिन्न स्थानों पर दान-पुण्य कार्यक्रमों के आयोजन के साथ मनाया जा रहा है. भिवंडी महानगरपालिका में भाजपा के गट नेता संतोष शेट्टी ने पडघा खड़वली स्थित मातोश्री वृद्धाश्रम में वृद्ध माता-पिता को भोजन उपलब्ध कराकर इस जन्मदिन को एक अनोखे तरीके से मनाया.इस अवसर पर स्वाभिमान सेवा संस्था के पदाधिकारी राकेश पटवारी, राम बुरा, एड नंदन गुप्ता आदि उपस्थित थे.

## भाऊ परसराम झूलेलाल मंदिर में झूलण जी मौज

**उल्हासनगर।** उल्हासनगर-1 स्थित भाऊ परसराम झुलेलाल मंदिर का 40 दिनों तक चलने वाला सिंधी समाज का महाव्रत महापर्व चालिहा साहेब मेले में झूलण जी मौज के चलते कलाकारों का पवन संगीत व गीत गूंज रहा है। आज 24 जुलाई को राज माखीजा तथा 25 जुलाई को अनमोल मनवानी के मधुर गीतों का कार्यक्रम होगा। चालिया महापर्व के मौके पर रोजाना नए कलाकारों द्वारा मंदिर में संगीतमय कार्यक्रम होता है। इसका लाईव डेन टीवी व क्लासिक चैनल पर लोगों के लिए उपलब्ध है। ज्ञात हो कि उल्हासनगर-1 स्थित भाऊ परसराम झुलेलाल मंदिर में हर वर्ष चालिहा महापर्व धूमधाम के साथ मनाया जाता है। जहां भाऊ परसराम झुलेलाल मंडली व मंदिर प्रमुख भाऊ लीलाराम की अगुवाई में हो रहे इस कार्यक्रम में शामिल होने की अपील लाल साईं के भक्तों से की गई है।





## SST महाविद्यालय में आधार कार्ड शिविर को अच्छा प्रतिसाद



**उल्हासनगर.** एसएसटी महाविद्यालय की स्टूडेंट्स काउंसिल द्वारा महाविद्यालय परिसर में आयोजित आधार कार्ड अद्यतन (Aadhaar Update) शिविर को विद्यार्थियों का उत्साहपूर्ण प्रतिसाद प्राप्त हुआ। प्रवेश प्रक्रिया के लिए आवश्यक आधार कार्ड की जानकारी को अद्यतन कराने हेतु बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने इस शिविर का लाभ उठाया।

शिविर में आधार कार्ड पर दर्ज मोबाइल नंबर, ई-मेल आईडी, आवासीय पता तथा फोटोग्राफ को अद्यतन कराने की सुविधा उपलब्ध कराई गई। विभिन्न शासकीय सेवाओं तथा महाविद्यालयीन प्रवेश प्रक्रिया के लिए आधार कार्ड पर अद्यतन जानकारी अनिवार्य होने के कारण विद्यार्थियों को इस पहल का व्यापक लाभ मिला। इससे प्रवेश पंजीकरण हेतु आवश्यक दस्तावेज समय पर अद्यतन कराने में विद्यार्थियों को काफी सहायता मिली।

शिविर के सफल आयोजन के लिए डॉ. सुनील शहा ने स्वयंसेवकों के सहयोग से विशेष परिश्रम किए। विद्यार्थियों के हित को ध्यान में रखते हुए आयोजित इस पहल की विद्यार्थियों ने सराहना की तथा महाविद्यालय के इस प्रयास की प्रशंसा की।

### वंचित बहुजन आघाड़ी ने मोर्चा निकाला

## अंबरनाथ बंद रहा असफल




**अंबरनाथ.** दिल्ली के जंतर मंतर पर विद्यार्थियों पर हुए लाठीचार्ज के निषेध स्वरूप वंचित बहुजन आघाड़ी अंबरनाथ शहर ने महाराष्ट्र बंद के साथ 23 जुलाई को अंबरनाथ बंद का भी आह्वान किया था. अंबरनाथ में ये बंद का आह्वान असफल रहा. शहर की सभी दुकानें, संस्थान सुबह से ही खुले रहे. वंचित बहुजन आघाड़ी के कार्यकर्ताओं ने दोपहर में शिवाजी चौक से तहसील कार्यालय तक निषेध मोर्चा निकालकर नायब तहसीलदार को ज्ञापन दिया. पक्ष के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रकाश आंबेडकर के निर्देश पर बंद का आह्वान किया गया था. इस संदर्भ में अंबरनाथ व्यापारी संघ, औद्योगिक आस्थापना से निषेध में 23 जुलाई को बंद करने के लिए पत्र दिया गया था. वंचित बहुजन आघाड़ी की महिला कार्यकर्ता मोर्चे में शामिल थी. जिसमें पद्मा इंगले, लता डोंगरे, मनिषा गोडसे, सुजल शेलार मुख्य हैं. आटो रिक्शा भी सुबह से शुरू रही.

## समान नागरिक संहिता विशेषज्ञ समिति में पूर्व प्राचार्या डॉ. सुवर्णा रावल को मिली जिम्मेदारी

**भिवंडी.** महाराष्ट्र सरकार द्वारा समान नागरिक संहिता (UCC) के मसौदे को तैयार करने के लिए गठित विशेषज्ञ समिति में भिवंडी के बी.एन.एन. कॉलेज की पूर्व प्राचार्या प्रा. डॉ. सुवर्णा रावल को सामाजिक एवं शैक्षणिक क्षेत्र की विशेषज्ञ सदस्य के रूप में नियुक्त किया गया है।

मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस द्वारा महाराष्ट्र में समान नागरिक संहिता लागू करने की घोषणा के बाद इसके प्रभावी एवं त्रुटिरहित क्रियान्वयन हेतु सरकार के न्याय एवं विधि विभाग ने सर्वोच्च न्यायालय की पूर्व न्यायाधीश रंजना देसाई की अध्यक्षता में इस विशेषज्ञ समिति का गठन किया है। प्रा. डॉ. सुवर्णा रावल का सामाजिक एवं शैक्षणिक क्षेत्र में लंबा अनुभव रहा है। इससे पूर्व वे गायकवाड़ समिति के अंतर्गत राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग की सदस्य रह चुकी हैं। वर्ष 2002 में गुजरात दंगों के दलित समाज पर पड़े प्रभावों के अध्ययन के लिए गठित आयोग की अध्यक्ष के रूप में उन्होंने कार्य किया। इसके अलावा वर्ष 2006 में पश्चिम बंगाल की एसईजेड (SEZ) नीति से जुड़े अध्ययन समूह तथा वर्ष 2009 में केरल में 'लव जिहाद' विषय पर गठित 'वॉइस फॉर जस्टिस' अध्ययन समूह की सदस्य के रूप में भी उन्होंने अपनी सेवाएं दी हैं।

## भाजपा द्वारा जरूरतमंदों में नोटबुक का वितरण



**उल्हासनगर।** मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के जन्मदिन के उपलक्ष्य में उल्हासनगर भाजपा जिला कमेटी द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जॉब मेला के साथ साथ शहर के जरूरतमंद बच्चों में मुफ्त नोटबुक वितरण किया गया। जिलाध्यक्ष राजेश वधरिया के हाथों स्कूली छात्रों को मुफ्त नोटबुक का वितरण किया गया। उन्होंने कहा कि शिक्षा को बढ़ावा देना और जरूरतमंद छात्रों के साथ खड़े रहना ही मुख्यमंत्री के जन्मदिन की सच्ची शुभकामना है। पढ़ाई का सामान पाकर छात्रों के चेहरों पर खुशी देखी गई।

## 'किंग' का अमेरिका शूटिंग शेड्यूल अगस्त में



- सुहाना खान भी लीड रोल में नजर आएंगी

बॉलीवुड अभिनेता शाहरुख खान की चर्चित फिल्म 'किंग' अब अपने अंतिम शूटिंग चरण में पहुंच गई है। इंडस्ट्री से मिली जानकारी के अनुसार 'फिल्म का आखिरी इंटरनेशनल शेड्यूल अगस्त में अमेरिका में शूट किया जाएगा। इसके लिए मेकर्स कई लोकेशनों पर तैयारी कर रहे हैं।

अगर सब कुछ योजना के मुताबिक रहा, तो इस शेड्यूल के साथ निर्देशक सिद्धार्थ आनंद की इस एक्शन थ्रिलर की मुख्य शूटिंग पूरी हो जाएगी। इसके बाद पूरी टीम पोस्ट-प्रोडक्शन, वीएफएक्स और फिल्म को अंतिम रूप देने के काम में जुट जाएगी। इससे पहले फिल्म का एक अहम शेड्यूल जॉर्जिया में पूरा किया गया था। सूत्रों के मुताबिक, फिल्म की ज्यादातर शूटिंग पूरी हो चुकी है और अब केवल क्लाइमैक्स का बड़ा एक्शन सीक्वेंस फिल्माया जाना बाकी है। यही वजह है कि मेकर्स लोकेशन चुनने में पूरी सावधानी बरत रहे हैं।'

### जॉर्जिया में पूरा हुआ अहम शूटिंग शेड्यूल

इंडस्ट्री सूत्रों के अनुसार 'फिल्म का बड़ा हिस्सा पहले ही जॉर्जिया में शूट किया जा चुका है। अप्रैल और मई के दौरान फिल्म की यूनिट ने वहां कई हफ्तों तक लगातार शूटिंग की, जिसमें बड़े एक्शन और ड्रामेटिक सीक्वेंस फिल्माए गए। इस विदेशी शेड्यूल को फिल्म की प्रिंसिपल फोटोग्राफी का सबसे अहम चरण माना जा रहा है। जॉर्जिया जाने से पहले मुंबई के महबूब स्टूडियो में भी एक महत्वपूर्ण एक्शन ब्लॉक शूट किया गया था, जिसकी पुष्टि उस समय शाहरुख खान के करीबी सूत्रों ने की थी। सूत्रों का कहना है कि फिल्म की टीम पिछले साल जनवरी से इस प्रोजेक्ट पर लगातार काम कर रही है। अब शूटिंग अपने आखिरी चरण में है और अगस्त में प्रस्तावित अमेरिका शेड्यूल के पूरा होते ही फिल्म की मुख्य शूटिंग खत्म हो जाएगी।'

## विरोध प्रदर्शनों पर मुंबई पुलिस की कार्रवाई, 400 लोग नामजद

**मुंबई.** मुंबई पुलिस ने 18 जुलाई से जारी विरोध प्रदर्शनों के संबंध में 13 एफआईआर दर्ज की हैं। बुधवार को अधिकारियों ने बताया कि गैरकानूनी सभा और निषेधाज्ञा के उल्लंघन के आरोप में 400 लोगों पर मामला दर्ज कर नोटिस जारी कर जाने दिया गया। प्रदर्शन नई दिल्ली में सीजेपी के छात्र आंदोलन के समर्थन में हो रहे हैं।

रविवार को शिवसेना (यूबीटी) अध्यक्ष उद्धव ठाकरे ने शिवाजी पार्क में एक सभा को संबोधित किया। यह सभा अनशनकारी सोनाम वांगचुक को दिल्ली के जंतर मंतर से सफदरजंग अस्पताल स्थानांतरित करने के विरोध में थी। शिवाजी पार्क, चैत्यभूमि, चेंबूर और शिवसेना भवन सहित कई स्थानों पर बिना अनुमति प्रदर्शन हुए।

## छत्रपति शिवाजी महाराज महाराजस्व समाधान शिविर का आयोजन

**उल्हासनगर।** महाराष्ट्र राज्य के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस एवं पूर्व उपमुख्यमंत्री स्व.अजितदादा पवार के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में महाराष्ट्र शासन के महसूल विभाग, जिलाधिकारी कार्यालय ठाणे एवं तहसीलदार कार्यालय उल्हासनगर के संयुक्त तत्वावधान में उल्हासनगर-3 स्थित टाउन हॉल में 'छत्रपति शिवाजी महाराज महाराजस्व समाधान शिविर (2026-27)' का आयोजन किया गया।



शिविर का उद्देश्य नागरिकों को एक ही स्थान पर विभिन्न शासकीय योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ उपलब्ध कराना था। शिविर में आधार कार्ड पंजीकरण एवं सुधार, आयुष्मान भारत कार्ड, नया राशन कार्ड, नई विद्युत जोड़णी, दिव्यांग कल्याणकारी योजनाएं, संजय गांधी निराधार योजना, घरकुल योजना, उत्पन्न, अधिवास एवं ज्येष्ठ नागरिक प्रमाणपत्र, मातृत्व वंदना योजना, लेक लाडकी योजना, जीवंत 7/12 अभियान, शासकीय भूमि पर निवासी अतिक्रमण नियमितीकरण, निःशुल्क स्वास्थ्य जांच तथा रक्तदान शिविर सहित अनेक जनकल्याणकारी सेवाएं उपलब्ध कराई गईं।

इस अवसर पर उपविभागीय अधिकारी विजयानंद शर्मा, तहसीलदार कल्याणी कदम, भाजपा शहर अध्यक्ष राजेश वधरिया सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। शिविर में बड़ी संख्या में नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा विभिन्न शासकीय सेवाओं एवं योजनाओं का लाभ प्राप्त किया। उपस्थित नागरिकों ने एक ही स्थान पर अनेक सरकारी सेवाएं उपलब्ध कराने की इस पहल की सराहना करते हुए इसे अत्यंत उपयोगी बताया।

### आम सूचना

मैं जुबेर जब्बार शेख सभी को सूचित कर रहा हूं कि रुम, आन प्लॉट, बैरक नं. 390 के सामने, उल्हासनगर- 1. (टैक्स नं. 08एओ014775800) उक्त प्रॉपर्टी श्रीमती मुनीदेवी रामकिशोर मिश्रा के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट दि. 21.7.2026 सी.नं. 3215/2026 द्वारा मैंने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहता हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**जुबेर जब्बार शेख**

### आम सूचना

मैं श्रीमती मैनाबाई जगदेवप्पा मुलगे सभी को सूचित कर रही हूं कि रुम, बैरक नं. 119 के सामने, हनुमान नगर, पोर्शन प्रापर्टी, उल्हासनगर-1 (टैक्स नं. 05एओ014338400) उक्त प्रॉपर्टी श्री जगदीश एस. मुलगे उर्फ जगदेवप्पा शरणप्पा मुलगे के नाम पर है उनका निधन 6.2.2019 को हो गया। श्रीमती अनिता रविकुमार पाटील, श्रीमती ज्योती हौशेट्टी, श्री सचिदानंद जगदेवप्पा मुलगे व श्री वैजीनाथ जगदेवप्पा मुलगे ने रिलीज एग्रीमेंट दि. 23.7.2026 सी.नं. 3258/2026 द्वारा मुझे दी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहती हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्रीमती मैनाबाई जगदेवप्पा मुलगे**









यह वृत्तपत्र प्रकाशक, मुद्रक, संपादक **श्री हीरो अशोक बोधा** ने श्री गोपाल प्रेस, ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से छपवाकर ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से प्रकाशित किया. **आर.एन.आई. नं. 43638/85** Email: ulhasvikas@gmail.com संपादकीय-विज्ञापन फोन : 2709099